71 द्वितीयो गुणः। शुक्लादिना हि लब्धसत्ताकं वस्तु विशिष्यते। का०प्र०, पृ०४४

युक्त एकजातीय (सजातीय) 'कृष्ण-गो' का ग्रहण अब नहीं हो सकता। अतः शुक्ल आदि गुण विशेषाधान के हेतु होते हैं अर्थात् वे द्रव्यों की विशेषता के सूचक होते हैं। उन्हें भिन्न गुण वाले सजातीयों से पृथक् करते हैं। गुण का लक्षण करते हुए वैशेषिकदर्शन में महर्षि कणाद ने कहा है कि द्रव्य में आश्रित संयोग-विभाग के अनपेक्ष कारण से भिन्न गुणशून्य पदार्थ गुण है। गुणशून्य से तात्पर्य यह है कि गुण में गुण की कल्पना नहीं की जा सकती।[72]

'न्यायमंजरी' में गुण शब्द की मीमांसा में कहा गया है- गन्ध, रूप, रस आदि अनेकानेक शब्द ऐसे हैं जो केवल गुणवाची है। ये शब्द द्रव्यवाचक नहीं हो सकते। यदि ऐसा होता तो 'गन्धः पद्मः' कहा जाता न कि 'पद्मे गन्धः'।[73] आचार्य मम्मट ने गुण को विशेषाधान का हेतु कहा है।[74] अर्थात् गुण विशेष प्रतीति का हेतु है जो एक ही जाति के दो व्यक्तियों में परस्पर पार्थक्य उत्पन्न करता है।

गुण की चर्चा करते हुए काव्यप्रकाश के टीकाकारों में संकेतकार माणिक्यचन्द्र कहते हैं कि जिसने अपने स्वरूप को प्राप्त कर लिया है ऐसी वस्तु पटादि में सम्पूर्णता का आधान करने वाला हेतु गुण है। यदि पटादि के साथ गुण को सहभावी माना जाए तो इस स्थिति में 'पटादि में रूप है' इस अर्थ की सङ्गति नहीं होगी।[75] रुय्यक ने काव्यप्रकाशकार एवं स्वपूर्ववर्त्ती टीकाकारों के मत को पर्याप्त मानकर गुण के विषय में पृथक् विवेचन करना अनावश्यक समझा। **वोतो गुणवचनात्**[76] सूत्र के भाष्य में गुण की परिभाषा दी गयी है संकेतकार सोमेश्वर ने उसी परिभाषा को उद्धृत किया है- जिसके अनुसार गुण वस्तुतः वह धर्म है जो द्रव्य में रहता है तथा उस द्रव्य से भिन्न भी हो जाता है। अनेक जातियों में भिन्न-भिन्न देखा जाता है। गुण आधेय अर्थात् उत्पाद्य अनित्य गुण तथा अक्रियाज अर्थात् क्रिया से उत्पन्न न होने वाला दो प्रकार का है। यह द्रव्य के स्वभाव वाला नहीं होता। यहाँ क्रिया से गुण का वैभिन्न्य दिखाया गया है क्रिया सदा उत्पाद्य होने से अनित्य है परन्तु गुण दोनों प्रकार के हैं।[77]

---

[72] द्रव्याश्रयगुणवान् संयोगविभागेष्वकारणमनपेक्ष्यमिति गुणलक्षणम्। वै०द० सूत्र १६

[73] गुणैकनियतास्तावद् गन्धरुपरसादयः। गन्धत्वादिव्यवच्छिन्नगन्धादिगुणवाचिनः॥
तेषां न द्रव्यपर्यन्ता वृत्तिः क्वचन दृश्यते। न गन्धः पद्म इत्यस्ति सामानाधिकरण्यधीः॥ न्या०मं०, पृ०२९८

[74] ..........विशेषाधानहेतुश्च। का०प्र०, पृ०४४

[75] लब्धस्वरूपस्य वस्तुनः पटादेः पश्चात् सम्बन्ध्यशेषाधानहेतुः। यदि हि पटादिना गुणः सहभावी इष्यते, तदा 'पटादौ रूपादयः' इति प्रतीतिः न सङ्गच्छेत। मा०सं०, पृ०२०९

[76] अष्टाध्यायी ४.१.४४

[77] सत्त्वे निविशतेऽपैति पृथग् जातिषु दृश्यते।
आधेयश्चाक्रियाजश्च सोऽसत्त्वप्रकृतिर्गुणः॥ म०भा०, ४.१.४४ तथा सो०सं टीका, पृ०२११

विवरणकार ने नव्य-न्याय शैली में गुण को व्याख्यायित करते हुए कहा है कि विशेष की अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता का अवच्छेदक गुण है। लब्धसत्ताकं को स्पष्ट करते हुए गोकुलनाथ कहते हैं कि उत्पत्ति काल से कपालादि का सम्बन्ध जिसने प्राप्त किया है ऐसा घटादि।[78]

उक्त गुण विषयक मन्तव्य से विदित होता है कि गुण की चर्चा के प्रसंग में प्रायः काव्यप्रकाश के टीकाकारों की व्याख्या में वैशेषिक दर्शन के उस मन्तव्य की ओर संकेत है जिसके अनुसार प्रथम क्षण में जातियुक्त द्रव्य उत्पन्न होता है, किन्तु उस क्षण वह निर्गुण रहता है द्वितीय क्षण में गुण उत्पन्न होते हैं। [79]

**क्रिया**

वस्तु की तृतीय उपाधि क्रियारूप है। यह वस्तु का धर्म तो है किन्तु साध्यावस्था में है, अभी उत्पाद्य है। इसका एक अंश पहले होता है, दूसरा बाद में हो रहा है, तीसरा होने वाला है। यथा- ओदन बनाने के लिए चूल्हे पर पात्र को चढ़ाना (अधिश्रयण) ताप लगाना और फिर पात्र को उतारना (अवतारण) आदि विभिन्न क्रियायें हैं। उनका बुद्धिकृत समुदाय ही पाक क्रिया कहलाता है। अतः क्रिया के अवयव क्रम से घटित होते हैं। उसके अवयव पूर्वापरीभूत है।[80] क्रिया साध्यरूपता के कारण ही जाति तथा गुण से भिन्न है, क्योंकि जाति और गुण वस्तु के सिद्ध धर्म है।

क्रियावाचक शब्दों की जाति तथा गुणवाचक शब्दों से पृथक् सत्ता सिद्ध करने हेतु क्रिया की निम्नलिखित विशेषताएँ स्वीकार की गयी हैं-

- क्रिया सातत्य काल सापेक्ष होता है।
- क्रिया में पौर्वापर्यक्रम का बोध निहित रहता है।
- वह वस्तु का साध्य धर्म है।

क्रिया को (मीमांसकों द्वारा) भावना शब्द से भी अभिहित किया गया है।[81] कार्य दो प्रकार के होते हैं-

(१) सिद्ध अर्थात् जो निष्पन्न हो चुका है। जैसे 'अपाक्षीत्' आदि।

(२) असिद्ध अर्थात् जो अभी निष्पन्न नहीं हुआ है। जैसे 'पचति', 'पक्ष्यति' आदि।

---

78 लब्धसत्ताकम् उत्पत्तिकालावच्छेदेन प्राप्त कपालादि सम्बन्धं घटादि, विशिष्यते कपालादिनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगि क्रियत इति तदर्थः। विवरण, पृ०२३१

79 किन्तु द्रव्यं निर्गुणमेव प्रथममुत्पद्यते पश्चात् तत्समवेता गुणा उत्पद्यन्ते। त०भा०, पृ०३५

80 साध्यः पूर्वापरीभूतावयवः क्रियारूपः। का०प्र०, पृ०४४

81 व्यापारो भावना सैवोत्पादना क्रिया। वै०भू०सा०, धात्वर्थनिर्णय,कारिका ५, पृ०७७

इन दोनों प्रकार के कार्यों को जब साध्यत्वेन कहा जाता है तब अवान्तर क्रिया-कलापों का एक क्रम बन जाता है, उसे क्रिया कहते हैं। जैसे 'पचति' कहने पर पात्र आग पर रखना, दर्वी आदि से हिलाना, पके न पके की परीक्षा करना और अन्त में पात्र को आग से नीचे उतारना। इन सब क्रियाओं का जो एक क्रम सा प्रतीत होता है उसे ही क्रिया के नाम से अभिहित करते हैं। साध्यत्वेन विवक्षित के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए वैयाकरणभूषणसार में कौण्डभट्ट[82] कहते हैं कि 'पाकः', 'कृत्तिः' आदि कहने पर दूसरी क्रिया की आकांक्षा उत्पन्न होती है जो 'पचति', 'करोति' आदि के कहने पर नहीं होती। अतएव यह प्रतीत होता है कि 'पचति', 'करोति' आदि में क्रिया साध्यत्वेन कही जा रही है और 'पाकः', 'कृतिः' आदि में वह सिद्धत्वेन। दूसरी क्रिया की आकांक्षा का न उठना ही साध्यावस्था का लक्षण है। इसी अवस्था में क्रिया असत्त्वभूत (अद्रव्यभूत) रहती है। भर्तृहरि के अनुसार असत्त्वभूत क्रिया ही तिङ् पदों से कही जाती है।[83] वाक्यपदीयकार के अनुसार क्रमशः उत्पन्न होने वाले व्यापारों का समूह जो तत्तद्रूपेण भासमान अवयवों से युक्त होता है। जब बुद्धि द्वारा एक सूत्र में निरूपित कर अभिन्नरूपेण प्रतिपादित किया जाता है तब उसे 'क्रिया' कहते हैं।[84]

क्रिया वस्तु में पूर्वसिद्ध नहीं होती, वह उत्पाद्यमान होती है। उसमें पूर्वापर क्रम रहता है। क्रिया पद से आद्यन्त क्रम के साथ समग्र क्रिया का एक अर्थ के रूप में बोध होता है। क्रिया-क्रम के अलग-अलग अवयव का अलग-अलग अर्थ के रूप में बोध नहीं होता। वैयाकरणभूषणसार में क्रिया के दो प्रकार माने गये हैं- साध्य और सिद्ध।[85] धातु के तिङन्त रूप से कथित क्रिया को किसी अन्य क्रिया की अपेक्षा नहीं रहती, केवल कारक के साथ उसका सम्बन्ध अपेक्षित होता है। उदाहरणार्थ- पकाता है, पकाया या पकायेगा आदि प्रयोग में 'क्रिया' साध्य रुप में कथित है। ऐसे पदों में सत्त्व का अभाव रहता है अतः उन्हें साध्य कहा जाता है। जब 'कृत्' प्रत्यय लगाकर धातु से शब्द बनाए जाते हैं तब उन कृदन्त शब्दों के प्रयोग के लिए अन्य क्रिया की अपेक्षा हो जाती है तथा कारक से उनका साक्षात् सम्बन्ध नहीं रह जाता। यह क्रियान्तर की अपेक्षा तथा वाक्य में स्थित कारक-पदों से साक्षात् असम्बन्ध ये दोनों वैशिष्ट्य उसका साध्य क्रिया से व्यवच्छेद करके उसे सत्त्व-सदृश जैसी कोटि प्रदान कर देते हैं। तब ऐसे सत्त्व जैसे हो चुके हुए शब्दों को सिद्ध क्रियारूप माना जाता है।

---

[82] न च साध्यत्वेनाभिधाने मानाऽभावः। पचति, पाकं करोति, कृतिः इत्यादौ धात्वर्थाऽवगमाविशेषेऽपि क्रियान्तराऽकाङ्क्षयोर्दर्शनस्यैवमानत्वात्। तथा च क्रियान्तराऽकाङ्क्षाऽनुत्थापकताऽवच्छेदकरूपम् साध्यत्वम्। तद्रूपवत्वम् असत्वभूतत्वम्। वै०भू०सा० धात्वर्थनिर्णय कारिका २ की वृत्ति, पृ० २०

[83] असत्वभूतो भावश्च तिङ्पदैरभिधीयते। वै०भू०सा०, धात्वर्थनिर्णय, कारिका २ की वृत्ति, पृ० २०

[84] गुणभूतैरवयवैः समूहः क्रमजन्मनाम्। बुद्ध्या प्रकल्पिताऽभेदः क्रियेति व्यपदिश्यते॥ वा०प०,३.८.४

[85] साध्यत्वेन क्रिया तत्र धातुरूपनिबन्धना।
सिद्धभावस्तु यस्तस्याः स घञादिनिबन्धनः॥१५॥ वै०भू०सा०, पृ०१५४

आचार्य मम्मट क्रिया को संक्षेपात्मक शैली में परिभाषित करते हुए कहते हैं कि साध्य रूप धर्म क्रिया रूप होता है, जिसके अंश (अवयव) पहले होने वाले तथा बाद में होने वाले अर्थात् क्रमिक हुआ करते हैं।[86]

माणिक्यचन्द्र क्रिया के सम्बन्ध में कहते हैं कि प्रारम्भ से लेकर अन्त तक अर्थात् चावल स्वच्छ करने से लेकर विक्लित्ति पर्यन्त समस्त व्यापार क्रिया से अभिप्रेत होता है।[87] रुय्यक ने क्रिया के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी नहीं की है। संकेतकार सोमेश्वर ने क्रिया को साध्योपाधि निबन्धना कहा है। यथा-पचति। अधिश्रयण से लेकर अवतारण पर्यन्त समस्त व्यापार-कलाप जिससे द्योतित किया जाता है वह क्रिया है।[88] बालचित्तानुरञ्जनीकार ने भी इस विषय में संकेत का ही अनुसरण किया है।[89]

विवेककार ने क्रिया को विवेचित करते हुए एक प्रश्न उठाया है कि 'पचति' तथा 'पाक' दोनों ही 'पच्' धातु से निष्पन्न होते हैं ऐसे में दोनों के मध्य विवेक कैसे किया जाए तथा पचति को ही क्रिया माना जाए इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए विवेककार श्रीधर ने एक कारिकांश उद्धृत किया है जिसके अनुसार धातु का कालानुपाती (अर्थात् तिङन्त) रूप ही क्रिया कहलाता है।[90]

विवरणकार ने क्रिया के प्रसंग में भर्तृहरि का उल्लेख किया है। तदनुसार यदि व्यापार का समूह ही 'क्रिया' हो तो पात्र अग्नि पर रखते समय 'पचति' का प्रयोग नहीं हो सकेगा। क्योंकि तब अन्य व्यापार तो अभी उत्पन्न ही नहीं हुए, जो पैदा ही नहीं हुए उनका संकलनात्मिका बुद्धि के द्वारा अभेद कैसा? इसके प्रत्युत्तर में वाक्यपदीयकार ने कहा है कि समूह के एक अवयव में भी समूह का आरोप करके क्रिया का व्यवहार देखा जाता है। अतएव अधिश्रयणकाल में भी 'पचति' का प्रयोग उपपन्न हो जाता है।[91]

उपर्युक्त क्रिया सम्बन्धी विवेचन से दृष्टिगोचर होता है कि प्रायः टीकाकारों ने आचार्य मम्मट की क्रिया विषयक अवधारणा को व्याख्यायित करने के लिए व्याकरण का आश्रय लिया है।

**यदृच्छा**

---

86 साध्यः पूर्वापरीभूतावयवः क्रियारूपः। का०प्र०, पृ०४४

87 साध्यः पूर्वापरीभूतेति। पूर्वापरीभूतौ तुषबुसादिप्रक्षेप-विक्लेदादिरूपौ अवयवौ यस्याः क्रियायास् तद्रूपः इत्यर्थः। मा०सं०, पृ०२०९

88 साध्योपाधिनिबन्धनाः क्रियाशब्दाः, यथा पचति इति.....। सो०सं०, पृ०२११

89 पूर्वापरीभूताः अधिश्रयणादयोऽवयवाः अस्याः पचनादिक्रियायाः तद्रूपः। बा०चि०, पृ०२१०

90 अपूर्वापरौ.................धातुप्रत्याय्यः। विवेक, पृ०२१२

91 एकदेशे समूहे वा व्यापाराणां पचादयः।
स्वभावतः प्रवर्त्तन्ते तुल्यरूपं समाश्रिताः॥ वा०प०३.७.५८, विवरण, पृ०२३२

यदृच्छा वक्ता की इच्छा से वस्तु पर आरोपित उपाधि है। उसका वस्तु की जाति या गुण आदि से कोई सम्बन्ध नहीं है। संज्ञापद में वक्ता के अभिप्राय की ही प्रधानता रहती है। प्रयोक्ता किसी वस्तु का ज्ञान करवाने हेतु किसी संज्ञा (नाम) का प्रयोग करता है। आचार्य मम्मट यदृच्छा के विषय में कहते हैं कि संज्ञापद वस्तुतः अपने ध्वनि-समूह को ही समग्रतः बोध का विषय बनाते हैं। उस बोध में ध्वनियों का नियत क्रम अन्तिम वर्ण के साथ मिलकर एक अखण्ड शब्दस्फोट के रूप में व्यक्त होता है। डित्थ आदि (व्यक्तिवाचक रूढि) शब्दों का (स्फोट की प्रक्रिया के अनुसार पूर्व-पूर्ववर्णानुभवजनितसंस्कारसहकृत चरम वर्ण के श्रवण से) अन्त्य बुद्धि (चरम वर्ण के श्रवण) से गृहीत होने वाला (गकार, औकार, विसर्जनीय आदि के नाम के) क्रमभेद से रहित बिना क्रम के बुद्धि में एक साथ उपस्थित होने वाला पदस्फोटरूप स्वरूप को वक्ता की अपनी स्वेच्छा द्वारा डित्थ आदि पदार्थों में (उसके वाचक) उपाधि रूप से सन्निविष्ट किया जाता है। (अर्थात् किसी पदार्थ का, व्यक्ति-विशेष का नाम रखने वाला व्यक्ति रूढ संज्ञारूप शब्द का उस अर्थ के साथ सम्बन्ध स्थापित कर देता है कि व्यक्ति इस नाम से बोधित होगा)। इस प्रकार यह (रूढ) संज्ञारूप यदृच्छात्मक शब्द होता है।[92] जैसे तन्तुओं से बने वस्त्र के ज्ञान में अलग-अलग तन्तु का क्रमिक ज्ञान तिरोहित होता जाता है, उसी प्रकार शब्द के स्वरूप- बोध में उसके विधायक वर्णों के क्रम का बोध तिरोहित हो जाता है। शाब्दबोध की दृष्टि से अन्य पदों से संज्ञापद का भेद यह है कि जहाँ अन्य पद वस्तुनिष्ठ जाति, गुण या क्रिया का बोध कराते हुए अपने से पृथक् वस्तु की सत्ता का बोध कराते हैं, वहाँ संज्ञापद जाति, गुण तथा क्रिया-रहित एक द्रव्य का बोध कराता है, जो कुछ ध्वनियों का समूहमात्र होता है। वह ध्वनि-समूह ही संज्ञापद या द्रव्यवाचक शब्द का अर्थ होता है, जो सभी उपाधियों का आधार होता है।[93]

द्रव्यवाची शब्दों के अर्थबोध के सम्बन्ध में आचार्यों के द्वारा व्यक्त उक्त मान्यता में यह प्रश्न उठाया जा सकता है कि क्या नाम से केवल शब्द का बोध होता है, किसी वस्तु का नहीं? यह अनुभवसिद्ध है कि हम नाम का प्रयोग किसी वस्तु के लिए ही करते हैं, किसी ध्वनि समूहमात्र के बोध के लिए नहीं। यह ठीक है कि एक ही नाम के अनेक व्यक्तियों में एक नाम से जाति, गुण नहीं पाये जाते। अतः नाम को वस्तुनिष्ठ धर्म नहीं माना जा सकता है फिर भी वे शब्द वस्तु का निर्देश अवश्य करते हैं। संज्ञापद के बोध की प्रक्रिया से सम्बद्ध एक समस्या यह भी है कि उससे जाति, गुण तथा क्रिया से भिन्न किन्तु उन सबके आधारभूत जिस द्रव्य का बोध माना जाता है उसका स्वरूप क्या माना जाए?

---

92 डित्थादिशब्दानामन्त्यबुद्धिनिर्ग्राह्यं संहृतक्रमं स्वरूपं वक्त्रा यदृच्छा डित्थादिष्वर्थेषूपाधित्वेन सन्निवेश्यत इति सोऽयं संज्ञारूपो यदृच्छात्मको इति। का०प्र०, पृ०४५

93 एवं डित्थादिशब्दानां संज्ञात्वविदितात्मनाम्।
अभिधेयस्य सामान्यशून्यत्वाद् व्यक्तिवाचिता।। अतएव हि द्रव्यशब्दा इत्युच्यन्ते। न्या०मं० पञ्चम आह्निक पृ०६१

संज्ञावाचक पद को द्रव्यबोधक मानने में इस बात की स्वीकृति है कि वे पद द्रव्य का बोध कराते हैं। कुछ विचारकों ने द्रव्यबोध से तात्पर्य ध्वनि-समूह रूप शब्द मात्र के बोध का माना है, पर इसमें सन्देह नहीं कि उन पदों का प्रयोग उनके विषयक ध्वनिसमूह से भिन्न पदार्थ के बोध के लिए किया जाता है। द्रव्य वह आधारभूत तत्त्व है जिसमें गुण, क्रिया तथा जाति अभिव्यक्ति पाते हैं।[94]

माणिक्यचन्द्र और सोमेश्वर अपनी-अपनी संकेत टीका में प्रायः एकसमान शब्दावली में यदृच्छा के संदर्भ में कहते हैं कि शब्द का बोध संहृत क्रम में होता है अर्थात जब डित्थ शब्द का उच्चारण किया जाता है तो 'ड्' उच्चारित करते हुए 'त्थ' नहीं होता इसी प्रकार 'त्थ' उच्चरित करते समय 'ड्' नहीं रहता। इस प्रकार शब्द का बोध सम्मिलित रूप में होता है। अभिधा शक्ति को वक्ता की यदृच्छा से अथवा उपाधि के द्वारा संज्ञी में सन्निवेशित किया जाता है।[95]

विस्तारिकाकार यदृच्छा को प्रायः अन्य टीकाकारों से भिन्न रूप में विवेचित करते हैं। स्वरूप को स्पष्ट करते हुए आचार्य कहते हैं कि स्वं रूपं अर्थात् वर्णात्मक स्वरूप। संज्ञा शब्द अपने प्रत्यक्ष (श्रवण) के अनन्तर अपने से विशिष्ट संज्ञी का बोध कराते हैं। अपने (शब्द) से उत्पन्न बुद्धि विशिष्ट बुद्धि द्वारा ग्राह्य है अर्थात् पूर्व में जब तक शब्द का पूरा स्वरूप नहीं आता तब तक वह सामान्य है अन्त्य बुद्धि से ही शब्द विशिष्ट होता है। यहाँ प्रश्न उठता है कि डित्थ की भाँति गो भी तो एक प्रकार से शब्द है। इसका समाधान करते हैं कि गवादि पद ऐसे नहीं होते गो जाति शब्द है वह जात्यादि वैशिष्ट्य के साथ ही संज्ञी का बोध कराते हैं जबकि यदृच्छा शब्द की ऐसी प्रवृत्ति नहीं होती। संहृतक्रम का किञ्चित् भिन्न व्याख्यान करते हुए कहते हैं कि जात्यादि शब्द में क्रम होता है उनका पूर्व-पूर्व प्रयोग उसी रूप में होता आ रह है यथा अमुक सास्नालाङ्गूलादि से विशिष्ट पदार्थ गो है यह प्रयोग चलता आ रहा है। जबकि यदृच्छा शब्दों की ऐसी प्रवृत्ति नहीं होती। इसका हेतु है-यदृच्छा। इस नाम से यह व्यवहार करूँगा ऐसी स्वतन्त्र इच्छा यदृच्छा है। डित्थादि पद हेतु व्यवहार धर्मी है।[96] विस्तारिकाकार ने इस अवसर पर सुबुद्धिमिश्र के मन्तव्य को इंगित किया है जिसके अनुसार वर्ण उच्चारण के साथ नष्ट हो जाते हैं इसलिए एक साथ वर्णों की उपस्थिति नहीं हो सकेगी। ऐसी स्थिति में ग, औ एवं विसर्ग से युक्त 'गौ' यह बुद्धि कैसे हो सकेगी? इसलिए कहा गया है संहृतक्रम। यहाँ हेतु बताते हैं- 'अन्त्यबुद्धिर्निग्राह्यम्'। स्फोट की प्रक्रिया से विशिष्ट बुद्धि हो जाएगी। मिश्र की इस व्याख्या के अनुसार डित्थ आदि यदृच्छा शब्द यद्यपि पूर्व-पूर्व वर्ण के उच्चारण-प्रध्वंसी होने से संहृतक्रम हैं, तथापि अन्तिम अक्षर की श्रुति के साथ पूर्व-पूर्व वर्णों

---

[94] श०त०, पृ०६४

[95] (क) अन्त्यबुद्धि.........संनिवेश्यते। मा०सं०टीका, पृ०२०९

(ख) अन्त्यबुद्धि..................निवेश्यते। सो०सं० टीका, पृ०२११

[96] स्वं रूपं वर्णात्मकम्..............................समर्थ्यते। विस्तारिका, पृ०२२२

का संस्कार जुड़ा होने के कारण बोधक होता है। वक्ता स्वेच्छा से जिस अर्थ में सम्बन्ध में स्थापित कर देता है, वह यदृच्छा शब्द उसी अर्थ को बताता है।[97]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि टीकाकारों ने यदृच्छा के प्रसंग में प्रायः वैयाकरणों के स्फोट की अवधारणा को ही प्रदर्शित किया है। इस प्रकार चतुर्विध उपाधि में यदृच्छा का विवेचन टीकाकारों ने स्वमेधानुसार प्रदर्शित किया है। वही काव्यप्रकाश में आचार्य मम्मट ने इस पर पर्याप्त बल दिया है। मम्मट भी वैयाकरणों के चतुर्विध संकेतितार्थ को ही स्वीकार करते हैं।

## सहायकग्रन्थसूची

1. अर्थविज्ञान व व्याकरणदर्शन कपिलदेव द्विवेदी, हिन्दुस्तानी साहित्य अकादमी प्रयाग, १९५१
2. अष्टाध्यायीसूत्रपाठः (पाणिनि) सम्पा० पुष्पा दीक्षित, ज्ञानभारती पब्लिकेशन्स, दिल्ली,२००९
3. काव्यप्रकाश (सोलह टीकाओं सहित), मम्मट, सम्पा० ज्योत्स्ना मोहन, नाग प्रकाशन,1995 ई०
4. काव्यप्रकाशदीपिका चण्डीदासविरचिता सम्पा० भट्टाचार्य शिवप्रसाद सरस्वती भवन ग्रन्थमाला,1965 ई०
5. महाभाष्य प्रदीपोद्योत टीका (कैयट और नागेश) सम्पा० वैद्यनाथ, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1967 ई०
6. तर्कभाषा (केशव मिश्र) व्या० श्रीनिवासशास्त्री, साहित्य भण्डार, मेरठ, १९७९
7. न्यायदर्शन (वात्स्यायन भाष्यसहितम्) सम्पा०नारायण मिश्र व्या० ढुण्ढिराज शास्त्री, चौखम्भा संस्कृत भवन वाराणसी, सप्तम संस्करण वि०सं०2069
8. न्यायमञ्जरी(जयन्त भट्ट) (प्रथम भाग) सम्पा० किशोर नाथ झा, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, बिहार, 2001 ई०
9. न्यायसिद्धान्तमुक्तावली सम्पा० ढुण्ढिराज शास्त्री,व्या० ज्वालाप्रसाद गौड़, चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, द्वितीय संस्करण २००३
10. वाक्यपदीयम् (प्रथम व द्वितीय भाग) (भर्तृहरि) सम्पा० रघुनाथशर्मा (अम्बाकर्त्री व्याख्या), सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, २००६
11. वैशेषिक दर्शन (महर्षि कणाद) व्या० उदयवीर शास्त्री, विजयकुमार गोविन्दराम हासानन्द, दिल्ली, २००६
12. शब्दार्थतत्त्व, (शोभाकान्त मिश्र) बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 1986

[97] मिश्रास्तु......................निर्युक्तिकतापत्तेः। विस्तारिका, पृ०२२२

# काश्मीरशैवदर्शनसम्मतः मोक्षः

मुकेशकुमारः

सर्वाण्यपि भारतीयदर्शनानि परमात्मतत्त्वं प्रामुख्येन प्रतिपाद्य ततश्च परमात्मसत्ताविषयकं चिन्तनं तस्माच्च जगद्विषयकं चिन्तनं विधातुं यतते इत्यत्र नास्ति संशीतिः शेमुषीमताम् । षड्दर्शनपरम्परायां सामान्यतः जगत् मायायाः विजृम्भणमात्रमेव । माया तु मिथ्या, अतः जगत् अपि मिथ्या । एतन्मतम् अन्यविधरूपेण निरूप्य स्वीयां दार्शनिकतां प्रतिपादयन् विशिष्टां चिन्तनधारां प्रस्तौति शैवदर्शनम् । शैवदर्शनानुसारं जगदिदं मिथ्या अथवा मायासम्बद्धं न अपितु चेतनस्य शिवस्य निजशक्तेः क्रीडा वर्तते । माया मिथ्या अथवा भ्रममात्रं न अपितु शिवस्य स्वरूपगोपनात्मिका क्रीडा वर्तते इति उत्पलदेवाचार्यमतम् । शिवतत्त्वं विज्ञाय ततश्च साधनया मोक्षपर्यन्तं गन्तुं शक्यते इति शैवदर्शनराद्धान्तः, इदमेव मोक्षविषयकं शैवमतं सविस्तरं प्रकाशयति शोधपत्रमिदम् ।

**“चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्”** इति भगवत्पादशङ्करस्य निर्वाणविषयकम् अभिमतम् । निर्वाणं, मोक्षः, मुक्तिः, समाधिः इत्यादीनि पदानि परलोकप्राप्तिसम्बद्धानि अर्थात् पौनःपुन्यजन्ममरणसिद्धान्तात् विमोचनपरकाः एव इमाः संज्ञाः । प्रायः समग्रविश्वस्यापि दर्शनशास्त्रम् इहलौकिकदुःखनिवृत्त्यर्थं पारलौकिकसुखप्राप्तिमार्गान्वेषणे तत्प्राप्तौ च स्वीयाः सर्वाः अपि शक्तीः योजयति । येन अन्ततो गत्वा निर्वाणस्य आहोस्वित् मोक्षस्यावधारणा सिद्ध्यति । प्रायः सर्वेषु अपि दर्शनशास्त्रीयविचारेषु व्यावहारिक-पारमार्थिकव्यापारेषु समन्वयस्थापने एतावत्पर्यन्तं नाधिकं सामर्थ्यं दृष्टिपथमायाति । श्रीमद्भगवद्गीतामतिरिच्य अयं हि समन्वयः यदि क्वचित् दृश्यते चेत् तदस्ति शैवदर्शनम् । प्रयोगपक्षस्य प्राधान्यत्वादेव शैवदर्शनं सर्वेष्वपि दर्शनशास्त्रेषु विशिष्टं स्थानं भजते । अत एव आचार्येण अभिनवगुप्तेन *‘प्रयोगपक्षस्य अतिरहस्यपूर्णविषयाः सर्वथा न निगूहनीयाः अपितु एकत्रैव तेषां अधिकं स्पष्टीकरणं कार्यमिति’* घण्टाघोषेण अभाणि।

काश्मीरं हि शैवदर्शनम् आगम-तन्त्रादिग्रन्थानां माध्यमेन सर्वत्र प्रसृतम् । दर्शनस्यास्य स्पन्द-विशुद्धाशुद्धगुणमयादिसृष्टि-स्वातन्त्र्यादयः नैके मूलसिद्धान्ताः दृग्गोचराः जायन्ते । एषु सिद्धान्तेषु वेदान्तमतं शाङ्करमतं च विरुद्ध्य नैके सिद्धान्ताः अभिनवगुप्तादिभिः आचार्यैः कालक्रमेण उपस्थापिताः। तेषु हि सिद्धान्तेषु परमशिवस्वरूपज्ञापकः शैवदर्शनस्य मूलनाम्ना विख्यातः स्वातन्त्र्यसिद्धान्तः सम्प्रत्यपि दार्शनिकेषु अत्यन्तं कुतूहलजनकः आभासादिवादैः समत्वकारणात्, मुक्तिप्रापकस्य परमशिवस्य च स्वरूपद्योतनात् । वस्तुतः शैवदर्शनानुसारं इह जगति विद्यमानं सर्वमपि चराचरजडचेतनजगत् परमशिव एव । यदा परमेश्वरः तत्त्वं विस्मृत्य विश्वे प्रकटीभवति तदा सा स्थितिः बन्धनमित्युच्यते । विश्वे सः जीवो भूत्वा निवसति । सः जीवः यदा स्वकीयजीवावस्थायां स्वस्य अन्तः विद्यमानं परमेश्वरस्य तत्त्वम् अवगच्छति तदा सा एव मुक्तिः इत्युच्यते । एतदर्थं परमशिवस्य स्वातन्त्र्यशक्तिः अवगन्तव्या भवति ।

सर्वेषु परमशिवः वर्तते सर्वे च परमशिवे सन्ति, स्वातन्त्र्यमेव शिवः शिवः एव हि स्वातन्त्र्यम्, शिवः विश्वात्मकः अपि अस्ति, विश्वातीतः अपि इत्यादिचिन्तनसरणिः एव स्वातन्त्र्यम् । बन्धनमुक्त्योः अन्येषाञ्च सर्वेषामपि आभासानां व्यवहारः परमेश्वरस्य स्वातन्त्र्यस्य एव विलासः वर्तते नान्यत् । स्वातन्त्र्यं तस्य परमशिवस्य स्वभावः वर्तते । स्पन्दनिर्णयग्रन्थे एवमुच्यते परमशिवस्य स्वभावरूपा स्वातन्त्र्यशक्तिः – **"श्रीभगवतः स्वातन्त्र्यशक्तिः किञ्चित्चलनात्मकधात्वर्थानुगमात्स्पन्द इत्यभिहिता"** । एतदनुसारं सृष्टिः स्थितिः संहारः तिरोधानम् अनुग्रहरूपादिकं पञ्चरूपात्मकं स्वातन्त्र्यं वर्तते । अत एव ईश्वरप्रत्यभिज्ञा प्रतिपादयति यत् स्वातन्त्र्यमेव परमशिवस्य प्रमुखम् ऐश्वर्यं विद्यते । **"स्वातन्त्र्यमेतन्मुख्यं तदैश्वर्यं परमात्मनः"** । स्वातन्त्र्यमेव शिवस्य परमा शक्तिः, या शिवादभिन्ना । अस्यैव अपरमभिधानम् आनन्द इत्यपि । अत एव अभिनवगुप्तः स्वातन्त्र्यम् आनन्दशक्तिः इति प्रतिपादयति तन्त्रसारे । तद्यथा – **"स्वातन्त्र्यादेव च देशकालाकारावच्छेदविरहात् व्यापको नित्यः सर्वाकारनिराकारस्वभावः, तस्य च स्वातन्त्र्यम् आनन्दशक्तिः इति"** । परमशिवस्य इच्छायाः अनभिहतप्रसारः एव स्वातन्त्र्यम् । **"स्वातन्त्र्यं च नाम यथेच्छं तत्रेच्छाप्रसारस्य आवघातः"**[98] साधकः यदा स्वीयस्वातन्त्र्यस्य विलासेन एव विश्वं कल्पितमिति चिन्तयति तदा एव मोक्षस्य सम्भवः । वस्तुतः स्वकीयस्वरूपस्य स्वभावस्य च विस्मरणं पुनः अवगमनं च उभावपि आत्मदेवस्य परमशिवस्य विलासौ इत्युच्येते शैवदर्शने । तद्यथा –

**"एवं देवोऽनया देव्या नित्यं क्रीडारसोत्सुकः।**
**विचित्रान् सृष्टिसंहारान् विधत्ते युगपद्विभुः ॥**[99]

साधकः एतान् स्वयं सञ्चालितं स्वविलासं मत्वा सर्वथा परसञ्चालितम् अथवा स्वभिन्न-आभासमानरूपेषु अवगच्छति चेत् तदेव बन्धनम् इत्युच्यते, तद्विपरीम् एतेषां स्वविलासरूपेण स्वशक्तिरूपेण च अवगमनमेव मोक्षः उच्यते । तद्यथा –

**"तदेतस्यापरिज्ञानं तत् स्वातन्त्र्यं हि वर्णितम् ।**
**स एव खलु संसारो जडानां यो विभीषिका ॥**
**तत्प्रसादवशादेव गुर्वागमत् एव वा ।**
**शास्त्राद्वा परमेशस्य यस्मात् कस्मादुपायतः ॥**
**यत्तत्त्वस्य परिज्ञानं स मोक्षः परमेशता ।**
**तत् पूर्णत्वं प्रबुद्धानां जीवन्मुक्तिश्च सा स्मृता ॥**[100]

---

98 ई.प्र.वि. १.१

99 बोधपञ्चदशिका, ६

100 बोधपञ्चदशिका११-१३

मुक्तिबन्धनयोः प्राप्तिः मनुष्यस्य स्वहस्ते नास्ति । अपितु परमशिवः एव मुक्तौ बन्धने च कारणीभूतः । विमर्शिन्यां विवृतिविमर्शिन्यां च अभिनवगुप्ताचार्यः समावेशस्याधारेण जीवन्मुक्तिं निरूपयति ।[101] जीवन्मुक्तिः एतदर्थं यत् मृत्योः अनन्तरं तु केवलं शिवत्वमेवावशिष्यते तर्हि समावेशः कस्य ? अत्र समावेशस्य अर्थः भवति सत्यं परितः विद्यमानस्य सर्वस्यापि ज्ञानात्मकः प्रवेशः । तेन ज्ञानेन कश्चिज्जनः ज्ञानी तदभ्यासेन च योगी सञ्जायते ।[102] बुद्धि-देह-प्राणादिषु व्यापकत्व-नित्यत्वादि-अनन्तसंविद्धर्माणाम् आसादनेन योगी तुरीयामवस्थां प्राप्नोति । विनाभ्यासेनापि तत्क्षणम् आवेशे आनन्द-उद्भव-कम्पादीनां संविद्धर्माणां प्राकट्येन च क्रमशः जीवन्मुक्तिः लभ्यते । वस्तुतः शैवदार्शनिकाः मोक्षस्यावधारणां भोग-मोक्षयोः सामरस्यरूपेण स्पष्टीकृतवन्तः । भोगो नाम आत्मरूपपरमेश्वरस्य वैभवस्य उन्मीलनम्, स्वातन्त्र्यरूपतायाः क्रमिका उपलब्धिः एव । तत्र हि साधकः यदा इदं दृढतया निश्चिनोति यत् तस्य वास्तविकस्वरूपं शुद्धसंवित् विद्यते तथा च परमेश्वरता एव तस्य नैसर्गिकः स्वभावः अस्ति किञ्च क्रियात्मकरूपेण अपि स्वस्य आंशिकपरमेश्वरताम् अनुभवति तदा स साधकः समग्रमपि संसारं परमेश्वरीयतत्त्वस्य विलासरूपम् अवगत्य बन्धनेषु न निपतति । यथा ऐन्द्रजालिकतत्त्वसुपरिचितः मानवः ऐन्द्रजालिककपिक्रीडायाः मोहे अबद्धः सन् केवलं क्रीडायाः आनन्दमनुभवति । तथैव ज्ञानवान् पुरुषः एतं संसारं परमशिवस्य क्रीडां मत्वा तदुत्पादितभोगानाम् आनन्दमनुभवन् अनुकूल-प्रतिकूलदृश्यैः प्रभावितः न भवति ।[103]

सर्वेषु दर्शनेषु अज्ञानम् अविद्या च बन्धनत्वेन सुविख्याताः, शैवदर्शने तु अज्ञानमपि असौ परमेश्वरः एव । परमशिवस्य सत्तां तु उत्कृष्टः साधकः एव सर्वत्र अनुभवति । तद्यथा उच्यते शिवदृष्टिग्रन्थे –

**"एवं सर्वेषु भावेषु सर्वसाम्ये व्यवस्थिते ।**
**तेन सर्वगतं सर्वं शिवरूपं निरूपितम् ॥**[104]

यदा जीवः कल्पितान् सांसारिकपदार्थान् यथार्थरूपेण अवगच्छति तदा सः बन्धनस्य पात्रः भवति । जीवमुक्तिः परमशिवानुकम्पां विना न सम्भवति । गुरुं शास्त्रञ्चोपास्य यदा जीवः वास्तविकस्वरूपम् अवगच्छति तदैव शिवानुकम्पया अनुग्रहेण च साधकस्य मुक्तिः सम्भवति ।

---

101 सेयं द्वय्यपि जीवन्मुक्तावस्था समावेश इत्युक्ता शास्त्रे" ई.प्र.वि. २ पृ २५८ ,
सा इयं द्वयी अपि दशा समावेशः" ई. प्र.वि.वि ३, पृ. ३२८

102 समावेशलक्षणं सत्यस्वरूपे सम्यगासमन्तात् प्रदेशलक्षणं ज्ञानं यल्लाभेन ज्ञानी, यदभ्यासेन च देहप्राणादावनन्तसंविद्धर्मात्मकविभवसमाआदनात् योगी भवति" ई.प्र.वि.वि., ३ पृ. ३२७

103 ई.प्र.वि. २-३-१७

104 शि.दृ. ५.११०

शैवदर्शनानुसारं भक्तिरेव मुक्तेः श्रेष्ठतमं साधनम् । यतो हि भक्तिसाधना सरला, सुगमा, सुखसाध्या च भवति अत एव मुक्तेः अधिकारी यः कोऽपि भवितुम् अर्हति । मुक्तेः अधिकारी भवितुं लिङ्गवर्णादिविचारः न कदापि भवति । तद्यथा – **"यस्य कस्य जन्तोरिति नात्र जात्याद्यपेक्षा काचिदिति सर्वोपकारित्वमुक्तम्"** ॥[105]

परमशिवे यस्य श्रद्धा शक्तिः प्रीतिः तत्त्वस्य जिज्ञासा च भवति सः येन केनापि धर्म-जाति-समाज-वर्ण-लिङ्गादिभिः सम्बद्धः चेदपि अवश्यं मुक्तेः अधिकारी भवति । अत्र मुक्त्यर्थं वामाचार-दक्षिणाचार-कौलाचार-मताचार-त्रिकाचारादयः साधनाक्रमाः अभिहिताः सन्ति । एतेषु त्रिकाचारः सर्वश्रेष्ठः । तदुक्तं तन्त्रालोके –

**"वेदाच्छैव ततो वामं ततो दक्षं ततः कुलम् ।**
**ततो मतं ततश्चापि त्रिकं सर्वोत्तमं परम् ॥"**[106]

काश्मीरस्थशैवाः प्रायः अनेनैवाचारेण साधनां कुर्वन्ति । किन्तु साधनाविषयिणी तेषां दृष्टिः अत्यन्तं व्यापिनी, अत एव साधकाः स्वयोग्यतानुसारं कमप्याचारं स्वीकृत्य तत्त्वसाक्षात्कारं कर्तुं शक्नुवन्ति । स्वयम् आचार्यः अभिनवगुप्तः अपि कौलाचारात् श्रीशम्भुनाथात् गूढरहस्यान्यध्यगमत् ।

**"ज्ञानात् ऋते न मुक्तिः"** इति सामान्यदर्शनसिद्धान्तवदेव शैवदर्शनमपि ज्ञानं विना मुक्तिः न सम्भवति इति प्रत्यपादयत्, तन्मते अज्ञानमेव बन्धनमस्ति । अज्ञानं ज्ञानस्याभावः इति न अपितु ज्ञानस्य संकोचमात्रमेव अस्ति । मानवान्तर्निहित-अज्ञानान्धकारविमोचनेनैव ज्ञानप्राप्तिः सम्भवति । साधनया हृदयस्थः विकारः अपगच्छति बुद्धिश्च प्रकाशिता भवति । तेन् साधकः अन्यान् अधिकारीसाधकान् अपि मोक्षमार्गं दर्शयन् तान् अनुगृह्णाति। शैवदर्शनानुसारं जीवनमुक्त्यनन्तरं महापुरुषः तत्त्वज्ञानी शिवभावेन मिलित्वा शिवत्वमेवाप्नोति ।

इत्थं शैवदर्शनस्य मोक्षविषयकविश्लेषणेन इदमेवावगम्यते यत् परमेश्वरस्य एव महानाटकेऽस्मिन् विभिन्नभूमिकानां निर्वहणार्थं क्वचित् परिणामवादस्य, क्वचित् आभासवादस्य, क्वचित् विज्ञानवादस्य, क्वचित च शून्यवादादीनां दर्शनं भवति किन्तु भोग-मोक्ष-स्वर्ग-नरक-सुख-दुःख-बन्धन-मुक्त्यादीनां समेषामपि बीजं परमशिवस्य स्वातन्त्र्यमेव, अद्वैतशैवसमुपासकाः शाम्भवयोगाभ्यासेन साक्षात् अकलदशां प्रविशन्ति । अस्यां दशायाम् एते स्वीय-ऐश्वर्य-स्वातन्त्र्य-शुद्धप्रमातृत्व-पराद्वैतभावादीनां च साक्षात्स्फुटं चमत्कारमनुभवन्ति । परमशिवस्य इच्छया इमे तस्मिन् एव विलीनाः भूत्वा सर्वथा विदेहमुक्तिं प्राप्नुवन्ति, स एव मोक्षः । दर्शनान्तरेषु दुःखनिवृत्तिः बन्धनमुक्तिश्च मोक्षः इत्यादीनि मतानि प्राप्यन्ते । शैवदर्शनानुसारं तु अविद्यानिवारण-भक्ति-साधनादिविविधसाधनैः परमशिवतत्त्वे विलीनाः भूत्वा मुक्ताः भवन्ति इति शम् ।

---

105 ई.प्र. ४.१.१८

106 तन्त्रालोकः २.५.४.९

**सन्दर्भग्रन्थसूचिः-**

1. गुप्तः, अभिनवः, : "ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी", काश्मीरग्रन्थावली, श्रीनगर, १९१९
2. गुप्तः, अभिनवः, : "तन्त्रसारः", वाराणसेय संस्कृतसंस्थान वाराणसी, १९८६
3. गुप्तः, अभिनवः, : "तन्त्रालोकः", (टीकाकारः- जयरथः) काश्मीरग्रन्थावली, श्रीनगरम्, १९१८
4. गुप्तः, अभिनवः, : "बोधपञ्चदशिका", काश्मीरग्रन्थावली, श्रीनगर, १९४७
5. द्विवेदी, श्यामाकान्तः, : "शैवदर्शन एवं स्पन्दशास्त्र", चौखम्बा सुरभारतीप्रकाशन, २००९
6. नारायणः, : "तन्त्रसारसंग्रहः", राजकीयप्राच्यपाण्डुलिपिपुस्तकालयः, मद्रास १९५०
7. पण्डितः, बलजिनाथः. : "काश्मीरशैवदर्शन", सम्पादकः– डा. जी.गङ्गन्ना, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थान, श्रीरणवीरपरिसरः जम्मू, २००५
8. सोमानन्दः, : "शिवदृष्टिः", वृत्तिकारः – उत्पलदेवः, काश्मीरग्रन्थावली, श्रीनगर, १९३४

# व्याकरणशास्त्रदृष्ट्या कालविचारः

मु.विनोदः

"**कलयति भूतानि**" इति कालः। कलनम् इत्यस्य सृष्टिः इत्यर्थः। कालस्य किं स्वरूपमित्याकाङ्क्षायां भर्तृहरिः स्वीयवाक्यपदीये –

**व्यापारव्यतिरेकेण कालमेकं प्रचक्षते।**

**नित्यमेकं विभुद्रव्यं परिमाणं क्रियावताम्।।**

वैयाकरणभूषणसारे क्रियात्मकं कालं मनसि निधाय कालस्य लक्षणं एवं प्रतिपादितं भवति यद् "**कालं क्रियात्मकम् आहुः**" इति। क्रियाव्यतिरेककालं मनसि निधाय अन्यत् लक्षणमपि प्रतिपादितं भवति यद् "**क्षणसमूहः, अखण्डातिरिक्तः कालः**" इति। तस्यायमर्थः – क्षणानां समूहः कालः, स च अखण्डः, क्रियातिरिक्तश्च भवति इति। अमुं कालम् अधिकृत्य व्याकरणशास्त्रे कीदृशविचारः कृत इति मदीये पूर्णे शोधपत्रे विचार्यते। अस्मिन् पत्रे एते अंशाः विशिष्य विचार्यन्ते -

कालस्य स्वरूपम्, कालस्य लक्षणम्, भूषणसाररीत्या कालविचारः, कालस्य भेदाः, पाणिनिप्रोक्तकालभेदाः, वाक्यपदीये कालविचारः इत्येते अंशाः।

"**सर्वाधारः कालः**"[107] इति वचनं तु सुविदितमेव। कालस्य स्वरूपमधिकृत्य व्याकरणशास्त्रदृष्ट्या ईषद् प्रतिपाद्यते। "**कलयति भूतानि**" इति कालः। कलनम् इत्यस्य सृष्टिः इत्यर्थः। तत्र "**कल गतौ सङ्ख्याने च**"[108] इत्यस्माद् चुरादिगणधातोः अच् प्रत्यये कालः इति शब्दः निष्पादितः।

**कालस्य स्वरूपम्**

तादृशस्य कालस्य किं स्वरूपमित्याकाङ्क्षायां भर्तृहरिः स्वीयवाक्यपदीये –

**व्यापारव्यतिरेकेण कालमेके प्रचक्षते।**

**नित्यमेकं विभुद्रव्यं परिमाणं क्रियावताम्।।**[109]

इत्यनया कारिकया कालस्य लक्षणं प्रतिपादयति। अस्याः कारिकायाः अर्थस्तु एके – काणादाः, व्यापारव्यतिरेकेण – क्रियाव्यतिरेकेण, कालम् , प्रचक्षते – वदन्ति। स च कालः नित्यः, विभुः, एकश्च।

---

107 तर्कसंग्रहदीपिका, काललक्षणम्

108 पाणिनीयधातुपाठः

109 वाक्यपदीयम् ३.९.१

**कालस्य लक्षणम्**

कालस्य लक्षणप्रतिपदानसमये वैयाकरणभूषणसारे द्विधा लक्षणं प्रतिपादितं भवति। क्रियात्मकं कालं मनसि निधाय कालस्य लक्षणं एवं प्रतिपादितं भवति यद् "**कालं क्रियात्मकम् आहुः**"[110] इति। क्रियाव्यतिरेककालं मनसि निधाय अन्यत् लक्षणमपि प्रतिपादितं भवति यद् "**क्षणसमूहः, अखण्डातिरिक्तः कालः**"[111] इति। तस्यायमर्थः – क्षणानां समूहः कालः, स च अखण्डः, क्रियातिरिक्तश्च भवति इति। अस्यैव कालस्य निष्कृष्टलक्षणं प्रतिपादितं तत्रैव भूषणसारे "**दैशिकातिरिक्तसर्वाधारता – अनियामकसम्बन्धावच्छिन्न-कार्यतानिरूपित-अधिकरणताश्रयत्वे सति निमित्तकारणत्वं कालत्वम्**"[112] इति। अर्थात् दैशिकातिरिक्त – दिगतिरिक्त, सर्वाधारता नाम सर्वाधारत्वं, यतोहि सर्वाधारः कालः इति वचनेन कालस्य सर्वाधारत्वं संभवति। अनियामकसम्बन्धः –कालिकसम्बन्धः। तदवच्छिन्नकार्यतानिरूपिताधिकरणताश्रयः - कालः, तत्त्वम् - कालत्वे वर्तते इति लक्षणसमन्वयः। स च कालः सर्वेषामपि कार्याणां निमित्तकारणत्वमपि भवति इत्यतः निमित्तकारणत्वमित्यपि लक्षणे निविष्टम्। तथा च अधुना लक्षणमेवमागतम् - दैशिकातिरिक्तसर्वाधारता-अनियामकसम्बन्धावच्छिन्न-कार्यतानिरूपित-अधिकरणताश्रयत्वे सति निमित्तकारणत्वं कालत्वम् इति।

**दलप्रयोजनम्**

अधुना दलप्रयोजनम् उच्यते – दैशिकातिरिक्तत्वं इति पदं किमर्थमिति चेद् तद्पदाभावे तु - सर्वाधारतानियामकसम्बन्धावच्छिन्नकार्यतानिरूपिताधिकरणताश्रयत्वे सति निमित्तकारणत्वम् इति लक्षणं भवति। तादृशनिमित्तकारणत्वं दिशः अपि भवति। यतोहि सर्वाधारौ दिक्कालौ भवतः, अतः सर्वाधारत्वमपि भवति। अनियामकसम्बन्धेन कार्यमपि उत्पादयति। निमित्तकारणत्वमपि भवति इत्यतः कालस्य यल्लक्षणमुक्तम् तद्दिशि सम्भवति। दैशिकातिरिक्तत्वम् इति पदनिवेशे सति काले एव लक्षणं सम्भवति न तु दिशि। तथा च दैशिकातिरिक्तत्वम् इति पदम् आवश्यकम्।

द्वितीयञ्च – अधिकरणताश्रयत्वम् इति पदम् किमर्थम्? अधिकरणताश्रयत्वम् इति पदाभावे - दैशिकातिरिक्तसर्वाधारतानियामकसम्बन्धावच्छिन्नकार्यतानिरूपितत्वे सति निमित्तकारणत्वम् इति लक्षणं स्यात्। तथा सति तादृशनिमित्तकारणत्वम् ईश्वरेऽपि भवति। यतो हि ईश्वरः सर्वेषामपि कार्याणां निमित्तभूतः भवति। तथा च तस्य सर्वाधारत्वमपि

---

110 भूषणसारव्याख्या - सुबोधिनी

111 भूषणसारव्याख्या - सुबोधिनी

112 भूषणसारव्याख्या - सुबोधिनी

वर्तते, किञ्च दिगतिरिक्तः ईश्वरः भवति। अतः अधुना कालस्य यद् लक्षणमुक्तं तद् ईश्वरे पर्यवस्यति। तथा च अधिकरणताश्रयत्वम् इति पदनिवेशे सति काले एव लक्षणं सम्भवति न तु ईश्वरे। यतः तस्य च अनियामकसम्बन्धावच्छिन्नकार्यता-निरूपितत्वमेव वर्तते न तु तादृशाधिकरणाश्रयत्वम्। अतः अधिकरणताश्रयत्वम् इति पदम् आवश्यकम्।

अन्ते च निमित्तकारणत्वम् इति पदं किमर्थमिति चेद् तदभावे तु दैशिकातिरिक्त सर्वाधारतानियामकसम्बन्धावच्छिन्नकार्यतानिरूपिताधिकरणताश्रयत्वम् इति लक्षणं स्यात्। तथा सति तादृशनिमित्तकारणत्वं परमाणौ अपि भवति। यतोहि दिगतिरिक्तः परमाणुः, सर्वाधारश्च परमाणौ वर्तते। अनियामकसम्बन्धेन कार्यमपि उत्पादयति इत्यतः कालस्य यल्लक्षणमुक्तं तद् परमाणौ अपि सम्भवति। अतः निमित्तत्वं यदि उच्यते तर्हि परमाणोः समवायिकारणत्वमेव सम्भवति न तु निमित्तकारणत्वम् इत्यतः दोषो न स्यात्। अतः निमित्तकारणत्वम् इति पदम् आवश्यकम्।

**क्षणादिभेदविचारः**

अधुना अत्र संशयः – कालः एकः नित्यः विभुः इति प्रतिपादितः, तर्हि कथं क्षणादिभेदव्यवहारः इति चेदुच्यते - कालः एकः सन्नपि क्रियोपाधिभिः विभक्तः भवति इति। अर्थात् घटः अभूत्, घटः भवति, घटः भविष्यति इत्यादिरूपेण क्रियोपाधिभिः भूत-भविष्यत्-वर्तमानादिभेदव्यवहारः। तदेवोक्तं भर्तृहरिणा -

**"क्रियोपाधिश्च सन् भूतभविष्यद्वर्तमानताः।**
**एकादशभिराकारैर्विभक्ताः प्रतिपद्यते।।"**[113] इति

**कालभेदः**

क्रियोपाधिरूपभूतभविष्यद्वर्तमानत्वमपि एकादशाकारैः विभक्तं भवति। ते च एकादशाकाराः के इत्याकाङ्क्षायाम् उच्यते –

**"भूतः पञ्चविधस्तत्र भविष्यंश्च चतुर्विधः।**
**वर्तमानो द्विधाख्यात इत्येकादशकल्पनाः।।"**[114]

अर्थस्तु एकादशाकारे विभक्ते भूतभविष्यद्वर्तमानत्वे भूतः पञ्चविधः – 1. भूतसामान्यम् 2. अद्यतनभूतः 3. अनद्यतनभूतः 4. अद्यतनाद्यतनसमूहः 5. भविष्यन्नपि अध्यारोपितभूतभावः

---

[113] वाक्यपदीयम् ३.९.३७

[114] वाक्यपदीयम् ३.९.३८

भविष्यच्चतुर्विधः – 1. भविष्यत्सामान्यम् 2. अद्यतनभविष्यत् 3. अनद्यतनभविष्यत् 4. अद्यतनाद्यतनसमूहः

वर्तमानो द्विधा भवति – मुख्यः 2. अतिदिष्टवर्तमानः

यद्यपि अयं विभागः पाणिनिना न प्रकल्पितः तथाऽऽपि भर्तृहरिणा प्रयोगानुगुणं भेदोऽयं प्रकल्पितः इति बहूनां विदुषाम् अभिप्रायः।

**पाणिनिप्रोक्तः कालविभागः**

पाणिन्यादि महर्षिणाम् अभिप्रायस्तु कालः प्रधानरूपेण त्रिधा विभज्यते। ते च - भूतभविष्यद्वर्तमानादयः। तत्र वर्तमानत्वं नाम प्रारब्धापरिसमाप्तत्वं भूतभविष्यद्भिन्नत्वं वा इति भूषणकालः लिखति। एवञ्च त्रिषु अपि भूतभविष्यद्वर्तमानेषु भूतभविष्यत्कालौ पुनः अद्यतन-अनद्यतनभेदेन द्विधा विभक्तौ भवतः। तत्र अद्यतनो नाम कः इत्याकाङ्क्षायां तस्य लक्षणं प्रतिपादयितुं त्रयः पक्षाः समागताः।

प्रथमपक्षः – "अतीतायाः रात्रेः पश्चार्धेन आगामिन्याः पूर्वार्धेन च सहितः दिवसः अद्यतनः"[115] इति। द्वितीयश्च – "अतीतायाः रात्रेः अन्त्यतृतीयभागेन आगामिन्याः रात्रेः आद्यभागतृतीयभागद्वयेन सहितः दिवसः अद्यतनः"[116] इति। तृतीयश्च

पक्षः – "उदयादुदयं यावत् अद्यतनः"[117] इति। एतान् पक्षान् मनसि निधाय सिद्धान्तकौमुद्याम् अद्यतनविषये एवमेव प्रतिपादितं भवति यद् "**अतीतरात्रेः अन्त्ययामेन आगामिनीरात्रेः आद्ययामसहितः दिवसः अद्यतनः**"[118] इति। तद्भिन्नश्च अनद्यतनः इति।

एवञ्च अद्यतन-अनद्यतनभेदेन विभक्तं भूतभविष्यत्कालं, वर्तमानकालञ्च मनसि निधाय दशलकाराः उपयुक्ताः वैयाकरणैः। ते च – वर्तमाने काले लट् लकारः[119], सामान्यभूतकाले लुङ्[120], अद्यतनभूते लङ्[121], अनद्यतनभूते अर्थात् परोक्षे लिट्[122],

[115] परोक्षे लिट् इति सूत्रभाष्यम्

[116] परोक्षे लिट् इति सूत्रभाष्यम्

[117] परोक्षे लिट् इति सूत्रभाष्यम्

[118] सिद्धान्तकौमुदी, परोक्षे लिट् सूत्रव्याख्या - बालमनोरमा

[119] वर्तमाने लट् (अष्टाध्यायी ३.२.१२३)

[120] लुङ् (अष्टाध्यायी ३.२.०११)

[121] अनद्यतने लङ् (अष्टाध्यायी ३.२.१११)

[122] परोक्षे लिट् (अष्टाध्यायी ३.२.११५)

सामान्यभविष्यत्काले लृट्[123], अनद्यतनभविष्त्काले लुट्[124], क्रियातिपत्तौ लृङ्[125] इतिभूतभविष्यद्वर्तमानकालेषु लकाराणां प्रयोगः। एतान् लकारान् अतिरिच्य वेदे लेट्[126], विध्याशिषौ च लिङ्लोट्लकारौ[127] उपयुज्येते इत्येवं प्रयोगव्यवस्था परिकल्पिता वैयाकरणैः।

**कालस्य अन्वयः**

एतावता निरूपितस्य कालस्य धातौ कुत्र अन्वयः इति संशये भूषणकारः ब्रवीति - तत्र फलव्यापारौ धात्वर्थौ[128] भवतः। तिङर्थाः चत्वारः – कर्ता,कर्म,संख्या,कालभेदेन। क्रमेण कर्तुः व्यापारे अन्वयः, कर्मणः फले अन्वयः, संख्यायाः कर्तृप्रत्ययसमभिव्याहारे कर्तरि, कर्मप्रत्ययसमभिव्याहारे कर्मणि च अन्वयः। कालस्य च धात्वर्थव्यापारे एव अन्वयः। अत्र संशयः – संख्यावत् कालस्यापि कर्तृकर्मणोः अन्वये को दोषः इति चेदुच्यते – तथा सति फलानुकूलव्यापारसमाप्ति-अनन्तरमपि कर्तुः वर्तमानत्वे पचति इत्येव प्रयोगः स्यात्, न तु अपाक्षीत् इति। एवमेव कर्ता समागतः, व्यापरास्तु नारब्धः, तत्रापि पचति इत्यस्यैव प्रयोगः, न तु पक्ष्यति इति। अत एव धात्वर्थव्यापारे एव कालस्य अन्वयः। एवञ्च देवदत्तः ओदनं पचति इत्यत्र वैयाकरणमतानुसारं शाब्दबोधः – देवदत्ताभिन्नैककर्तृक-ओदनकर्मक-वर्तमानकालिक-विक्लित्त्यनुकूलः व्यापारः इति।

**सन्दर्भग्रन्थसूचिः-**


1. वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी, श्रीमद्भट्टोजिदीक्षितः, मोतिलाल् बनारसीदास, दिल्ली १९९७.
2. वैयाकरणभूषणसारः, श्रीमत्कौण्डभट्टः, चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठानम्, दिल्ली २००५.
3. वाक्यपदीयम्, आचार्यः भर्तृहरिः, बनारस् संस्कृत सीरीज्, बनारस, १९०५
4. अष्टाध्यायीसूत्रपाठः, महर्षिः पाणिनिः, चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठानम्, दिल्ली २००३.
5. व्याकरणमहाभाष्यम्, महर्षिः पतञ्जलिः, चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठानम्, दिल्ली २००४.


---

[123] लृट् शेषे च (अष्टाध्यायी ३.३.०१३)

[124] अनद्यतने लुट् (अष्टाध्यायी ३.३.०१५)

[125] लिङ्निमित्ते लृङ् क्रियातिपत्तौ (अष्टाध्यायी ३.३.१३९)

[126] वैयाकरणभूषणसारः, कारिका २२

[127] आशिषि लिङ्लोटौ (अष्टाध्यायी ३.३.१७३), लोट् च (अष्टाध्यायी ३.३.१६२)

[128] वैयाकरणभूषणसारः, कारिका २

# वेद-प्रामाण्य : अमृतोदय के परिप्रेक्ष्य में

विनोद कुमार

हमारे धर्म में वेद की प्रामाणिकता सर्वतोन्मुखी है। धर्म वही है जो वेद कहता है, अधर्म वही है जिसका वेद निषेध करता है। वेद को मानने वाला आस्तिक है और नास्तिक वही है जो वेद का निन्दक होता है **'नास्तिको वेद निन्दकः'**। सबसे बड़ा भारतीय तार्किक भी उसी समय अपना मुँह बन्द कर लेता है जब उसे सुझाया जाता है कि उसका तर्क वेद के विरुद्ध है और उसके कथन का विरोध वेद में है। सर्वज्ञ ईश्वर द्वारा विरचित होने से ही वेद की प्रामाणिकता है। वेद किसी मानव की कृति नहीं है। मानव की रचना दोषपूर्ण होती है और हो सकती है, परन्तु ईश्वर की रचना में यह दोष कहाँ? ईश्वर सर्वज्ञ शक्तिमान तथा व्यापक है। उनकी रचना होने के कारण ही वेद की प्रामाणिकता में हमारी इतनी श्रद्धा और विश्वास है। वेद का रचयिता वही व्यक्ति हो सकता है जिसे भूत, भविष्य, वर्तमान, सूक्ष्म तथा स्थूल इन्द्रिय-गोचर तथा समस्त पदार्थों का ज्ञान हो, वह शक्ति ईश्वर है। वेदों के वचनों से ईश्वर की सिद्धि होती है तथा ईश्वर की रचना होने से वेद की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। श्रुति(वेद) हमारे लिए परम प्रमाण है उसके प्रतिपादित सिद्धान्तों में किसी प्रकार की त्रुटि या विप्रतिपत्ति नहीं होती। कितने भी कुशाग्र बुद्धि के द्वारा किया गया अनुमान श्रुति की शिला पर पटके जाने से, विरुद्ध होने पर चूर-चूर हो जाता है। श्रुति की इस प्रमाण श्रेष्ठता का रहस्य यही है कि यह सर्वशक्तिमान सर्वज्ञ ईश्वर के द्वारा निर्मित की गई है।

महामहोपाध्याय गोकुलनाथ स्वयं नैयायिक थे वे अनुमान प्रमाण की महत्ता को जानते थे। वे जानते थे कि ईश्वर की सिद्धि एवं वेद-प्रामाण्य में अनुमान नितान्त आवश्यक है इसलिए नाटककार गोकुलनाथ ने वेद-प्रामाण्य को स्थापित करने के लिए अमृतोदय में अनुमान एवं अनुमान में अपेक्षित तत्त्वों का प्रयोग किया है।

अमृतोदय में पूर्णरूप से वेद-प्रामाण्य स्थापित किया गया है। नाटक में दिखाया गया है कि संसार के समस्त लोग श्रुति(वेद) के अधीन हैं, अस्वतन्त्र हैं। श्रुति जो कहती है उसी कार्य में प्रवृत्त होते हैं। यह श्रुति ईश्वर की वाणी है। श्रुति(वेद) स्वतः प्रमाण है यह स्वयं विधि-निषेध (कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य) का बोधन करते हुए मनुष्य को प्रवृत्ति तथा निवृत्ति अर्थात् मोक्ष के लिए प्रेरित करती है।

संस्कृत के प्रतीक नाटकों में अमृतोदय न्याय-दर्शन सम्बन्धी तात्त्विक अवधारणाओं की समन्वयपूर्ण अद्भुत, सैद्धान्तिक, सशक्त एवं सर्वथा बेजोड़ रचना है। अद्भुत रचनाविधान, गम्भीर दार्शनिकता एवं नाट्यशास्त्रीय सिद्धान्तों के साथ-साथ उत्तम साहित्यिक सौष्ठव प्रदर्शित करने के कारण संस्कृत के प्रतीकात्मक एवं दार्शनिक नाटककारों में गोकुलनाथ उपाध्याय को श्रेष्ठ रचनाकार होने का गौरव प्राप्त है। मध्यकालीन प्रतीक नाटकों में प्रबोधचन्द्रोदय के बाद अमृतोदय ही एकमात्र ऐसा उत्कृष्ट नाटक है जिसमें भारतीय संस्कृति के सभी मूल तत्त्व समाहित हैं।

हमारे धर्म में वेद की प्रामाणिकता सर्वतोन्मुखी है। धर्म वही है जो वेद कहता है, अधर्म वही है जिसका वेद निषेध करता है। वेद को मानने वाला आस्तिक है और नास्तिक वही है जो वेद का निन्दक होता है **'नास्तिको वेद निन्दकः'**।[129] प्रश्न है कि वेद की इतनी मान्यता क्यों? उसके तथ्यों का इतना आदर क्यों? उसके वचनों में इतना विश्वास क्यों? सबसे बड़ा भारतीय तार्किक भी उसी समय अपना मुँह बन्द कर लेता है, जब उसे सुझाया जाता है कि उसका तर्क वेद के विरुद्ध है और उसके कथन का विरोध वेद में है। ऐसा क्यों होता है? वेद की प्रामाणिकता का आधार क्या है? इसका एकमात्र उत्तर है- ईश्वर। सर्वज्ञ ईश्वर द्वारा विरचित होने से ही वेद की प्रामाणिकता है। वेद किसी मानव की कृति नहीं है। मानव की रचना दोषपूर्ण होती है और हो सकती है, परन्तु ईश्वर की रचना में यह दोष कहाँ? ईश्वर सर्वज्ञ शक्तिमान तथा व्यापक है। उनकी रचना होने के कारण ही वेद की प्रामाणिकता में हमारी इतनी श्रद्धा और विश्वास है। वेद का रचयिता वही व्यक्ति हो सकता है जिसे भूत, भविष्य, वर्तमान, सूक्ष्म तथा स्थूल इन्द्रिय गोचर तथा समस्त पदार्थों का ज्ञान हो, वह शक्ति ईश्वर है।[130]

मनुष्य का किसी भी अवस्था में ज्ञान पूर्ण अथवा निर्भ्रान्त नहीं होता। मानव के साथ भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा आदि दोष सदा लगे रहते हैं ज्ञानी हो जाने पर भी इन दोषों की सम्भावना दूर नहीं होती। केवल एक चेतन सत्ता ऐसी है जो इन दोषों से सर्वथा रहित है, वह सत्ता ईश्वर है। वेद का पूर्ण प्रामाण्य तभी सम्भव है, जब इसे जगत् के समान ईश्वर की रचना माना जाये। वेद को ईश्वर की रचना माने जाने में कणाद् ने यह तर्क दिया है कि धर्म पदवाच्य द्रव्यादि पदार्थों के रूप में विस्तृत जगत् जिस प्रक्रिया से अभिव्यक्त किया जाता है, उसका विवरण उसी रूप में वेदों में किया गया है। जब यह तथ्य स्वीकार है कि इस जगत् को अभिव्यक्त करने वाला ईश्वर है तब यह निश्चित है, कि उसकी अभिव्यक्ति की प्रक्रिया को वही जान सकता है। जगत् को बनाने वाला कोई मानव नहीं है। इससे स्पष्ट है ईश्वर रचित जगत् और उसकी अभिव्यक्ति की प्रक्रियाओं का यदि कहीं विवरण दिया गया है, तो वह विवरण ईश्वर की रचना हो सकता है। इस तर्क के आधार पर ईश्वरोक्त होने से वेद का प्रामाण्य सिद्ध होता है।[131]

इस प्रकार वेद के वचनों से ईश्वर की सिद्धि होती है तथा ईश्वर की रचना होने से वेद की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। इन दोनों तथ्यों में कोई विरोध नहीं है। यहाँ दो बातें हैं- स्थिति का क्रम और ज्ञान का क्रम। स्थिति क्रम में ईश्वर प्रथम है और वही वेद की रचना करता है तथा उसे प्रामाणिक बनाता है। ज्ञान क्रम में वेद प्रथम है उसी के ज्ञान से हम ईश्वर को जानते हैं। फलतः इन दोनों प्रमाणों में कोई विरोध नहीं है।

---

[129] मनुस्मृति, 2/11

[130] भारतीय दर्शन, बलदेव उपाध्याय,पृ० 205-206

[131] वैशेषिक दर्शन, व्याख्या. आचार्य उदयवीरशास्त्री, पृ० 9

उदयनाचार्य ने न्याय-कुसुमाञ्जलि में ईश्वर सिद्धि के विषय में युक्तियाँ देते हुए वेद-प्रामाण्य के विषय में कहा है कि श्रुति हमारे लिए परम प्रमाण है उसके प्रतिपादित सिद्धान्तों में किसी प्रकार की त्रुटि या विप्रतिपत्ति नहीं होती। कितने भी कुशाग्र बुद्धि के द्वारा किया गया अनुमान श्रुति की शिला पर पटके जाने से, विरुद्ध होने पर चूर-चूर हो जाता है। श्रुति की इस प्रमाण श्रेष्ठता का रहस्य क्या है? यही कि यह सर्वशक्तिमान सर्वज्ञ ईश्वर के द्वारा निर्मित की गई है।[132]

अमृतोदय के रचनाकार गोकुलनाथ उपाध्याय की वेदों के प्रति विशेष रुचि थी इसीलिए उन्होंने नाटक में श्रुति (वेद) को नाटक की नायिका के रूप में चित्रित किया है। गोकुलनाथ जी ने अमृतोदय में बौद्ध-चार्वाकादि नास्तिक दर्शनों का खण्डन करते हुए अनुमिति के माध्यम से वेद-प्रामाण्य को स्थापित किया है। नाटक के प्रारम्भ में ही बौद्धादि पाखण्ड श्रुति की पुत्री प्रमिति का अपहरण कर लेते हैं। आन्वीक्षकी समस्त परिवार विद्याओं के साथ मिलकर प्रमिति को बौद्धादि पाखण्ड गणों से छुड़ाकर लाती है तथा प्रमिति को पुरुष के प्रति अर्पित करती है। परन्तु पुरुष प्रमिति को अपहृत होने के कारण अकुलीन समझता है और उस पर विश्वास नहीं करता है।[133] जब श्रुति को इस बात का पता चलता है कि पुरुष प्रमिति पर विश्वास नहीं कर रहा है तो श्रुति आन्वीक्षकी को पक्षता तथा परामर्श का मिलन करवाने के लिए कहती है।[134] इस प्रकार पक्षता तथा परामर्श का मिलन होने पर अनुमिति उत्पन्न होती है जो पुरुष को प्रमिति के प्रति विश्वास दिला देती है। पुरुष के सारे संशय दूर हो जाते हैं और वह वस्तुस्थिति को जान जाता है।

नाटक के तात्त्विक पक्ष में प्रमिति वेद की प्रामाणिकता है एवं बौद्धादि पाखण्ड गण नास्तिक दर्शन हैं जो वेद-प्रामाण्य को स्वीकार नहीं करते हैं। इसीलिए इनके द्वारा प्रमिति अथवा वेद-प्रामाण्य का अपहरण दिखाया गया है। बौद्ध-चार्वाकादि नास्तिक दर्शन वेद जैसे प्रामाणिक ग्रन्थ की आलोचना करते हैं जिससे वेद-प्रामाण्य के विषय में सन्देह पैदा हो जाता है। यही कारण है कि पुरुष प्रमिति अथवा वेद की प्रामाणिकता पर विश्वास नहीं करता है। अमृतोदय के प्रथम अंक में आन्वीक्षकी(न्यायदर्शन), परिवार विद्यायें एवं उदयनाचार्यादि मिलकर इन बौद्धादि पाखण्डों का खण्डन करके वेद-प्रामाण्य को स्थापित करते हैं।

महामहोपाध्याय गोकुलनाथ स्वयं नैयायिक थे वे अनुमान प्रमाण की महत्ता को जानते थे। वे जानते थे कि ईश्वर की सिद्धि एवं वेद-प्रामाण्य में अनुमान नितान्त आवश्यक है इसलिए नाटककार गोकुलनाथ ने वेद-प्रामाण्य को स्थापित करने के लिए अमृतोदय में अनुमान एवं अनुमान में अपेक्षित तत्त्वों का प्रयोग किया है। व्याप्ति एवं पक्षधर्मता के संयोग से पक्षता एवं

---

[132] भारतीय दर्शन,बलदेव उपाध्याय,पृ० 586

[133] आन्वीक्षकी- बाढ़ प्रतिपादिता न पुनरेना श्रद्दधाति पुरुषः। अमृतोदयः,पृ०57

[134] वत्से गौतमि, न्यायतनयः परामर्शो यथा युज्यते तया पक्षतया तथा कथां प्रस्तूयताम्। पृ० 57-58

परामर्श का मिलन कराया गया है। इस प्रकार पक्षता एवं परामर्श के संयोग से अनुमिति उत्पन्न होती है यह वेद की प्रामाणिकता के विषय में पुरुष के सारे सन्देह दूर कर देती है। वह पुरुष को ईश्वर एवं वेद के विषय में समझाते हुए कहती है-

**भुवनघटन भंगौ निर्मिमाणस्य**
**प्रभवति परमाणु प्रेरणाय प्रयत्नः।**
**परिणति हित हेतौ विश्ववृत्तिं विधत्ते**
**विधि वचन विधातुस्तस्य पुंसो नियोगः।।**[135]

संसार की लय और उत्पत्ति के कर्त्ता परमात्मा के प्रयत्न से ही सृष्टि के आरम्भ में परमाणुओं के मिलन की क्रिया उत्पन्न होती है, उन्हीं की आज्ञा यह वेद हैं यह विश्व के कल्याणार्थ प्रस्तुत किया गया है। अर्थात् ईश्वर ही संसार का कर्त्ता एवं संहर्ता है, विश्व की भलाई के लिए उसने जो आज्ञाऐं दी हैं उन्हीं का संकलन वेद है।

अपि च-

**यस्य त्रैगुण्यशक्ति द्रढिमभरवतः सिद्धि लिंगानि कार्यं**
**वाक्यं संख्या विशेषश्रुतिपदधृत्यः प्रत्ययायोजने च।**
**कर्ता कार्यस्य धर्ता भुवन निगमयोः संप्रदायप्रवक्ता**
**विश्वस्याश्वासमलं स जयति पुरुषश्चेतनाराशिरेकः।।**[136]

नित्य ज्ञान, नित्य इच्छा तथा नित्यप्रयत्नशाली सर्वात्मना नित्य जिस पुरुष की सिद्धि के हेतु-कार्य, वाक्य, संख्या, श्रुति, पद, धृति, प्रत्यय एवं आयोजन हैं, ऐसा कार्यमात्र का कर्त्ता, संसार तथा वेद का धर्ता एवं वेद का वक्ता, संसार का आश्रय एवं चैतन्य का आश्रय वह सर्वोत्त्कृष्ट है। इस प्रकार ईश्वर तथा वेद के विषय में अनुमिति के समझाने पर पुरुष प्रमिति अथवा वेद की प्रामाणिकता पर विश्वास करता है।

अमृतोदय में गोकुलनाथ जी ने पूर्णरूप से वेद-प्रामाण्य स्थापित किया है। नाटक में दिखाया गया है कि संसार के समस्त लोग श्रुति (वेद) के अधीन हैं, अस्वतन्त्र हैं। श्रुति जो कहती है उसी कार्य में प्रवृत होते हैं।[137] यह श्रुति ईश्वर की वाणी है।

---

[135] अमृतोदय, 3/9

[136] अमृतोदय, 3/10

[137] पतञ्जलि- श्रुति निदेश वंशवदा वयमस्वतन्त्रास्तया प्रेरिताः प्रवर्तामहे। अमृतोदय, पृ० 138
काव्यप्रयोजनानि सन्ति नैकानि प्रसिद्धानि परन्त्वाचार्यदृष्ट्या काव्यस्य नास्ति किमपि प्रयोजनम्। काव्योत्पत्तिस्तु स्वाभाविकी भवति तत्र प्रयोजनस्य का आवश्यकता। कविना यदनुभूयते तदेव काव्यं खलु। काचिदपूर्वा एव दृष्टिरत्र प्रतिभासते श्रीमतां द्विवेदिमहाशयानाम्। सर्वथा श्लाघ्यमिदं कार्यम्। अनेन अपूर्वा एव काचिद् दिगुन्मीलिता आचार्यप्रवरेणाभिनवकाव्यशास्त्रपरम्परायाम् । निगदति सः –

**प्रयोजनं कवेःकाव्ये नापि किञ्चन दृश्यते । चुड्कुतो कलविड्कस्य यथा प्राभतिके क्षणे ॥**[4]

प्रभाते स्वत एव पक्षिणो मुखरा भवन्ति न तु केनाप्यन्येनोपायेन । अत्र स्वभाव एव परमं हेतुः। तद्वदेव कविरपि काव्यनिर्माणे प्रयोजनं विनाऽपि संसिद्धो भवितुं प्रभवति । इदमद्भुतमेव काव्यप्रयोजनं निरदेश्याचार्यः। अलड्कारचिन्तनमाचार्यस्य किमपि नवीनं तथ्यं प्रकटीकरोति विदुषां पुरस्तात् । काव्यात्मभूताःअलड्काराः, अलंभावात्मका एवालड्काराः। प्रोच्यते तत्र ग्रन्थे – **अलंभावो ह्यलड्कारःस च सौन्दर्यतत्कृतोः।** [5] चित्तत्वं यथा जीवब्रह्मणोः प्रकाशते तथैव पूर्णत्वम् अलंत्वं सर्वत्रैव अलंकारेष्वभासते। स च अलम्भावःअलड्कारस्य सौन्दर्याधायकतत्त्वम्। अयञ्चालम्भावःपूर्णताम् अभिव्यनक्ति।

**नाट्यानुशासनम्** नाम द्वितीयो ग्रन्थः आचार्यस्यास्य । समेषामपि नाट्यतत्त्वानाम् इह दृश्यते समावेशः। अभिनवनाट्यसिद्धान्तान् प्रतिपाद्य द्विवेदिमहाशयेन ग्रन्थरत्नमिदं प्रणिनाय। सन्त्यत्र पञ्चपर्वाणि–तानि यथा– नाट्यानुशासनम् –भरतदर्शनम्-नाट्यशारीरकम्-कलासमाधिः-रसभोगश्चेति । नाट्ये सन्धयः पञ्च भवन्तीति नाट्याचार्याणामभिमतं परन्त्वाचार्यमहाशयेन त्रय एव सन्धयो भवन्तीति प्रतिपादितम् । मुख-प्रतिमुख-निर्वहणात्मका च ।निर्दिश्यते तेन तत्र –**तिस्त्र एव त्ववस्थाःस्युःप्रमुखास्तद्वदेव च ......**।[6] अनेन सिद्धान्तेन सन्धीनां कश्चन अभिनवं स्वरूपं प्राकाश्यमवाप । साहित्यशारीरके ग्रन्थे आचार्यरेवाप्रसादद्विवेदिना साहित्यशास्त्रस्य नवीनाःसिद्धान्ताःप्रकटीकृताः। साहित्यं नाम काव्यं नाट्यञ्च। त्रयाणामपि पदानामभिन्नत्त्वमेकार्थत्वात्। परन्तु प्रवृत्तिनिमित्तत्वादत्र भेदोऽपि कश्चन दरीदृश्यते तद्यथा प्रत्यपादि -**ननु वेदवद् , देववद् , गुणवद्वा सुप्रसिद्धैव त्रयी परिभाषाणां साहित्ये काव्यमिति......**।[7] शब्दार्थयोः सम्बन्ध एव साहित्यं खलु। शब्दो वेदादिरूपःअर्थो विभावादिरूपः यश्च सम्बन्धः स भाव्यभावकभावादिरूपः। इत्थम् आचार्यद्विवेदिमहाभागानां सिद्धान्तोत्कर्ष-प्रकर्षोऽऽधुनिककाव्यशास्त्रेतिहासे वैशद्येन वर्धतेऽनुदिनम् । इतःपरम् अभिराजयशोभूषणम् इति नामाख्यम् अलंकारशास्त्रसिद्धान्तपरकं सुविशालं ग्रन्थरत्नम् अक्षिसात् भवति स्वकीयग्रन्थगौरवमहिम्ना। ग्रन्थस्यास्य प्रणेता महामहोपाध्यायसहृदयहृदयहारिणः साहित्यसिद्धान्तसमीक्षणसुधियः अभिराजराजेन्द्र- मिश्रपादाः। शास्त्रस्य शास्त्रत्वमत्र पदे-पदे परिलक्ष्यते। नवीनान् सिद्धान्तान् ,अभिनवान् विचारान् क्रोडीकृत्य ग्रन्थोऽयं चकासते विदुषां मानसमन्दिरे। काव्यकलाया यादृशं वैभवमस्मिन्ग्रन्थे विलसति तादृशमन्यत्र दुर्लभप्रायमेव। कारिकाभाष्योदाहरणपुष्पसमन्वितेन ग्रन्थद्रुमेण निखिलमप्याधुनिकसंस्कृतकाव्यशास्त्रप्रपञ्चोऽयं सुतरां दिव्यत्वमेति। ग्रन्थेऽस्मिन् स्वोपज्ञगद्यवृत्तिसमन्विताः 567 कारिका विद्यन्ते। ग्रन्थकारः संग्रहग्रन्थोऽयमित्यनेन प्रदर्शयति ग्रन्थ वैचक्षण्यम् --- **संचिनोति यथा भृङ्गःपुष्पात् पुष्पं रसासवम् । करोमि संग्रहं तद्वद् यावद्भरतकाश्यपम् ॥**[8] पुष्पात् पुष्परसं पीत्वा यथा भ्रमरःकिमपि मधुरं गुञ्जारवं किरति तथैव आचार्यभरतादारभ्य

विश्वेश्वरपण्डितं यावद् सर्वेभ्यो ग्रन्थरत्नेभ्यो सारं चित्वा मिश्रमहाभागैरत्र प्रकटीकृता स्वकीयरचनाचातुरी। ग्रन्थेऽस्मिन् सन्ति पञ्चोन्मेषाः। नामानि यथा– परिचयोन्मेष– शरीरतत्त्वोन्मेष – आत्मतत्त्वोन्मेष – निर्मितितत्त्वोन्मेष –प्रकीर्णतत्त्वोन्मेषश्चेति। काव्यलक्षणमित्थं प्रकटयति – **काव्यं लोकोत्तराख्यानं रसगर्भं स्वभावजम्** [10] लोकोत्तरमेव काव्यमित्युक्त्वा तस्य रसगर्भत्वम् अभिव्यनक्त्याचार्याभिराजः। तच्च काव्यं नैसर्गिकं भवति । बलात् काव्यरचना साधीयसी न स्यादिति । मिश्रमहाभागैः अपूर्वा साहित्यिकक्रान्तिरत्रानीता। कथमित्युच्यते चेत् अभिराजयशोभूषणमेव प्रमाणम्। नवीनानि उदाहरणानि, लोकपरकानि लक्षणानि, सरला भाषा, भावगाम्भीर्यम्, पूर्वाचार्याणां सिद्धान्तानामनुकरणम्, नूतनानां काव्यविधानां लक्षणोदाहरणानि ग्रन्थस्यास्य वैशिष्ट्यमिति प्रमाणीकरोति। तद्यथा–लक्षणाप्रसङ्गे संयोगादीनामुदाहरणानि सर्वथा अभिनवायन्ते । अभिनवोऽयं प्रयोगः। संसद् ब्रवीति, अर्धोरूका अभ्यस्यन्ति, शुकः माणवकः, पञ्चनदःशुरः, इत्यादीनि । अभिधामूलव्यञ्जनायां कानिचन उदाहरणानि । **संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता**.........।[11] संयोगादीनाममीषाम् उदाहरणानि स्वप्रतिभाजन्यमूलकानि । यथा – **सभालचन्द्रो गङ्गाधरः** .........।[12] अद्भुतं मौलिकत्वं विविनक्ति ग्रन्थकारः। सर्वथा विलक्षणोऽयं प्रयोगः। वस्तुतः शाश्वतावादःअस्य सिद्धान्तःपरन्तु नव्यं किमपि स्याच्चेत्तदेव शास्त्रं भूषणायते । अभिराजयशोभूषणमित्यस्य ग्रन्थनाम्नो व्युत्पत्तिं प्रदर्शयति स्वयम् अभिराजः-अभितो धरित्र्यां स्वर्गलोके च राजन्ते ये यशः कायाःकवयस्सहृदयाश्च तेऽभिराजाः। तेषां यश एव भूषणं यस्य तन्नूतनं काव्यशास्त्रम् अभिराजयशोभूषणमिति। एतेन व्युत्पत्तिदर्शनेन पूर्वाचार्याणां शास्त्रपरम्परा स्वत एव चित्तमाकर्षयति। स्वकीयं सिद्धान्तं शाश्वतावादमनेन द्रढयति ग्रन्थकारः- **अतीतमात्रे सश्रद्धास्तिष्ठन्त्वत्र तु ते जनाः**...।[13] कोविदाकर्षिणी काऽपि अपूर्वा साहित्यविच्छित्तिरत्र शोभते ।लक्षणानिरूपणप्रसङ्गे **संसद् ब्रवीतीति** उदाहरणं प्रदत्तम् ।कथमत्र लक्षणा संगच्छते इति ग्रन्थकारोऽभिप्रैति – **सम्यग्रूपेण सीदन्त्यस्यामिति व्युत्पत्त्या संसच्छब्दो** ....।14 इत्थं नवीनमुदाहरणं प्रदाय लक्षणानिरूपणमभिराजेन महता वैशिष्ट्येनाकारि। काचिद् मौलिकी उद्भावानाऽत्र संगोचरीभवति। वस्तुतःप्रदत्तोदाहरणैः विषयोऽयं नावीन्यमुपैति येन साहित्यमिदं जनमानसे व्यापकत्वमुपेत्य रञ्जयति निखिलान् ।

**पुनश्चार्थनियन्त्रणहेतवःप्रकटिता ग्रन्थकारेणेत्थम्** -

1.**संयोगः - सभालचन्द्रो गङ्गाधरः**[15]- अत्र भालचन्द्रयोगेन गङ्गाधरश्शिव एव न पुनर्हिमालयः।, 2.**विप्रयोगः- अभालचन्द्रो गङ्गाधरः**[16]- अत्र तद्विप्रयोगेनापि शिव एव ।, 3.**साहचर्यम् –रामकृष्णौ**[17] –अत्र रामो बलराम एव न पुनःदाशरथिर्जामदग्न्यो वा, रामकृष्णसाहचर्यवशात्।, 4.**विरोधिता –अहिनकुलौ**[18] –अत्र नकुलस्सर्पादिः न खलु शिवः सर्पनकुलविरोधिताप्रसिद्धिवशात् ।, 5.**अर्थः-कालिकां वन्दे** [19]–अत्र कालिका भगवती महिषासुरमर्दिनी न पुनर्मेघमाला।मेघजाले च कालिकेत्यमरः।, 6.**प्रकरणम् – सर्वं जानाति भर्ता**-20अत्र भर्ता स्वामी न पुनःपतिः।, 7.**लिङ्गम् –दयतां मयि सा शिवा** 21–अत्र शिवा शम्भुगृहिणी पार्वती दयारूपधर्मावलम्बनत्वात् न पुनर्जम्बुकी ।, 8.**अन्यशब्दस्य सन्निधिः-देवो मध्वरिर्जयेत्** 22–अत्र देवशब्दसन्निधिवशात्

मधुर्दैत्यविशेषो न पुनर्माक्षिकम् ।मध्वरिः-विष्णुः, 9.**सामर्थ्यम् –विरोचनेन दिवं स्फीतमिति**23 ।चन्द्राग्न्यर्का विरोचना इत्यमरः।तथापि दिवसस्फ़ीतत्वे सूर्यस्यैव सामर्थ्यात् विरोचनोऽत्र सूर्य एव,न चन्द्राग्नी ।, 10.**औचित्यम् – श्रमार्तस्य तरुर्मित्रम्**24 – अत्र मित्रशब्दोऽध्वखेदापहरणौ चित्यवशात् हितकृदर्थे प्रयुक्तः।, 11.**देशः-लक्ष्मणोऽटति केदारे**25 –अत्र केदाररूपदेशविशेषयोगात् लक्ष्मणो बक एव न पुनस्सौमित्रेयः।, 12.**अदृष्टिःकौशिको दिवः**26-अत्र दिवसान्धप्रसिद्धिवशात्कौशिक उलूक एव न पुनर्विश्वामित्रः।, 13. **व्यक्तिः**27-स्त्रीलिङ्गादिवैशिष्ट्यम् ,पुण्डरीको वनेचरः।अत्र पुल्लिङ्गे प्रयुक्तत्वात्पुण्डरीको व्याघ्रः।, 14.**स्वरादयः**28- स्वरास्तावदुदात्ताऽनुदात्तस्वरितादयो वेदप्रयुक्तेषु शब्देषु समस्तपदनियमकत्वादर्थनिर्णायका अपि भवन्तीति सुज्ञातमेव ।उदाहरणं यथा –इन्द्रशत्रुर्विवर्धस्वेति –अत्र इन्द्रशत्रु पदस्याद्युदात्तत्वादन्तोदात्तत्वाच्च समासभेदादर्थभेदो दृश्यते ।परन्तु काव्यमार्गे स्वरो न गण्यत इति नयेन प्रसङ्गोऽत्र परिह्रियते । सर्वथैव मौलिकचिन्तनं संयोगादीनाममीषाम् ।उदाहरणानि अभिनवानि ।एतेभ्यः उदाहरणेभ्यःअभिनवसंस्कृतकाव्यजगति काऽपि अपूर्वा विच्छित्तिः समारब्धेति वचनोत्कर्षोऽयं समीक्षकाणाम् ।

काव्यस्य बीजं भवति अलंकारः।काव्यस्यानित्यधर्माःअलंकाराः।अलंकारान् बिना न शोभते काव्यम्।यथा वनितानानम् अलंकारं विना न सुशोभते तद्वदेव ।अलंकारस्य लक्षणमित्थं प्रकटितमाचार्येण – **शब्दार्थसंश्रिता ये वै …॥**29 **काव्ये रसस्य अपरिहार्यत्वं** भवति।रसं विना काव्यस्य काव्यत्वं नास्ति ।अलङ्कारणां स्थितस्तु विपरीतैव ।यदि कश्चिद् स्फुटोलङ्कारो नास्ति चेत् का हानिःकाव्यस्य। अलङ्कारनिरूपणमेतत् आचार्यमम्मटास्यानुगामित्वेनाऽत्र बोध्यते ।सम्प्रति निरूप्यते अभिराजप्रणीतं नाटकलक्षणम्– **नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात्पञ्चसन्धिसमन्वितम् …**।अत्रेदं वैशिष्ट्यं नाटकलक्षणे यत् महिलाऽपि नाटकस्य नेत्री भवितुं शक्नोति । लिङ्गभेदोऽत्र मास्त्विति ग्रन्थकारस्य चिन्तनम् ।मौलिकीयं दृष्टिः।महिलानामपि सहभागित्वमनेन प्रमाणीभवति ।वस्तुतो नाटकस्य समाजेन सह सम्बन्धो भवति ।समाजे पुरुषःस्त्री च निवसतः।अतःपुरुषस्य प्रधानत्वे सति स्त्रियःअपि प्रधानत्वं प्रमुखत्वं च भवितुं प्रभवतीति ग्रन्थकारस्याभिप्रायः।

काव्यस्य नूतनविधानां लक्षणानुसन्धाने निपुणोऽयं महाकविः।कथमिति चेत् उपन्यास-लहरीकाव्य-लघुकथा-कथानिका-गीत-लोकगीत-शास्त्रीयगीतादीनां निखिलानामपि लक्षणमिह ग्रन्थेऽवततार ग्रन्थकारः।

आदौ तावदुपन्यासलक्षणम् – **कथाऽऽख्यायिकयोः कश्चिन्मिश्रभेदोऽपि….॥**31 गीतलक्षणं यथा –**यच्च गीतिषु सामाख्येत्युक्तमासीत्पुरातनैः…**।32

एवं प्रकारेण आचार्याणां मतमतान्तराणि अस्माभिरत्र पर्यालोचितानि ।कानिचन तथैव स्वीकृतानि अन्यानि च समीक्षितानि ।एभिरेव मितवचनैःविरमामि । अन्ते- **प्राचापरम्परामग्रेसारयितुमिदं नवम् ।** 44 **इति शम्।**

**सन्दर्भा**

1.**काव्यसत्यालोकः**- पृ.-12

2.काव्यालङ्कारकारिका – कारिका-1-4

3.संग्रहकारिका – कारिका-1

4.काव्यालङ्कारकारिका – कारिका-11

5.तत्रैव –कारिका -45

6.नाट्यशारीरकम् – कारिका 43,44

7.साहित्यशारीरकम् –पृ.-24

8.अभिराजयशोभूषणम् –श्लोकसंख्या -9

9.तत्रैव –श्लोकसंख्या -10

10.तत्रैव –श्लोकसंख्या -34

11तत्रैव – पृष्ठसंख्या -79

12.तत्रैव –पृष्ठसंख्या -79

13.तत्रैव –पृष्ठसंख्या -27

14.तत्रैव –पृष्ठसंख्या -70-71

15.तत्रैव –पृ.सं.-79

16. .तत्रैव –पृ.सं.-79

17. .तत्रैव –पृ.सं.-79

18. .तत्रैव –पृ.सं.-79

19. .तत्रैव –पृ.सं.-79

20. .तत्रैव –पृ.सं.-79

21. .तत्रैव –पृ.सं.-79

22. .तत्रैव –पृ.सं.-80.

23. .तत्रैव –पृ.सं.-80

24. .तत्रैव –पृ.सं.-80

25. .तत्रैव –पृ.सं.-80

26. .तत्रैव –पृ.सं.-80

27. .तत्रैव –पृ.सं.-80

28. .तत्रैव –पृ.सं.-80

29. .तत्रैव –कारिका -91-92

30. .तत्रैव –कारिका -30-37

31. .तत्रैव –कारिका -105-110

32. .तत्रैव –पृ.सं.-248

33. .तत्रैव –पृ.सं.-254-255

34. .तत्रैव –पृ.सं.-256-257

35. .तत्रैव –पृ.सं.-278-283

36. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् –पृ.सं.-3

37. .तत्रैव –पृ.सं.-3 -5

38. आधुनिकसंस्कृतकाव्यशास्त्रसमीक्षणम् –पृ.सं.-8

39. .तत्रैव –पृ.सं.-11

40. अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्रम् –पृ.सं.-19-20

41.तत्रैव –पृ.सं.-81

42. तत्रैव – पृ.सं.-140

43. तत्रैव –पृ.सं.-143

44.लेखकेन विरचितम्

**सन्दर्भग्रन्थसूचिः-**

1.**साहित्यशारीरकम्** – आचार्यरेवाप्रसादद्विवेदी, सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी -1998 ।

2.**साहित्यवल्लरी** – एन.लक्ष्मीनारायणभट्टः प्रकाशिका – महालक्ष्मीःएमः अमृतम्- 2-79, डि-4, षष्ठःउपमार्गः सुब्रह्मण्यमनगरम् , पुत्तुरूग्रामः, उडुपी (कर्नाटकम् )

3.**अभिराजयशोभूषणम्** – मिश्रोऽभिराजराजेन्द्रः, वैजयन्तप्रकाशनम् , 8 बाघम्बरीमार्गः, भरद्वाजपुरम् ,इलाहाबादम् (उ.प्र.) जुलाई – 2006

4.**अभिनवकाव्यालंकारसूत्रम्**–आचार्यराधावल्लभत्रिपाठिप्रणीतम्, टीकाकारः- रमाकान्तपाण्डेयः, जगदीशसंस्कृत पुस्तकालयः, झालानियों का रास्ता, किशनपोल बाजार , जयपुरम् (राज.)नूतन संस्करणम् – 2009

A First EPQRST Journal- www.jahnavisanskritejournal.in , Issue- 23th & 24th , Year 07, Volume-07 ISSN 976-8645

# यज्ञ और उसकी वैज्ञानिकता

चन्दाकुमारी

यज्ञ वैदिक धर्म का एक अनुपम साधन है, और इसी कारण से वेद में अनेकत्र इसका महत्त्व बताया गया है , यज्ञ के द्वारा ही सत्यनिष्ठ विद्वान् परमेश्वर की पूजा करते है और इष्णािसत फल की प्राप्ति करते हैं अर्थात् यज्ञ में सब श्रेष्ठ धर्मों का समावेश होता है। यज्ञ के द्वारा ही मनुष्य उस दुख रहित मोक्ष को प्राप्त करते हैं जहॉ सब ज्ञानी लोग निवास करते हैं। यज्ञ शब्द यज् धातु में नङ् प्रत्यय द्वारा निष्पन्न होता है जिसका शाब्दिक अर्थ देवपूजा, संगतिकरण एवं दान है। अथर्ववेद में महर्षि अथर्वा को यज्ञपद्धति का प्रर्वत्तक एवं आविष्कारक माना गया है –'' यज्ञेरथर्वा प्रथमः पथस्तते।'' तथा अंगिरस ऋषियों ने यज्ञ की उपयोगिता पर मनन चिन्तन किया और उसके फलस्वरूप अन्न आदि प्राप्त किया '' विप्रं पदमङ्गिरसो द्धाना यज्ञस्य धाम प्रथमं मनन्त।''

**यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।**
**ते हि नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।**

यज्ञ वैदिक धर्म का एक अनुपम साधन है, और इसी कारण से वेद में अनेकत्र इसका महत्त्व बताया गया है , यज्ञ के द्वारा ही सत्यनिष्ठ विद्वान् परमेश्वर की पूजा करते है और इष्णािसत फल की प्राप्ति करते हैं अर्थात् यज्ञ में सब श्रेष्ठ धर्मों का समावेश होता है। यज्ञ के द्वारा ही मनुष्य उस दुख रहित मोक्ष को प्राप्त करते हैं जहॉ सब ज्ञानी लोग निवास करते हैं। अथर्ववेद में कहा गया है ''न ये शेकुर्यज्ञियां नावमारुहम् इर्मैव ते न्यविशन्त केपयः'' अर्थात् जो यज्ञमयी नौका पर चढने में समर्थ नहीं होते वे कुत्सित किंवा अपवित्र आचरण वाले होकर यहीं इस लोक में नीचे गिरते जाते हैं। शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा के ब्राह्मण ग्रंथ में कहा गया है वेदों का जितना ज्ञान है वह सब इन यज्ञों से प्रकाशित किया जाता है ''एतावान् वै सर्वो यज्ञो यावानेष त्रयो वेदाः तस्यै वै तद्रूपम् क्रियते। एषः योनिराशयः। तद् एतेन त्रयेण वेदेन पुनर्यज्ञमारभते।'' अपर शब्दों में यज्ञ सम्पूर्ण वेदार्थ का वाचक है और सर्वश्रेष्ठ कर्म है '' यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्मं।'' यज्ञ विषयक इतने ज्ञान के पश्चात् यह ज्ञान भी अतिआवश्यक है कि यज्ञ जितना धार्मिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है उतनी ही इस कार्य में वैज्ञानिकता भी भरी हुई है तो जो लोग यज्ञ को सिर्फ धार्मिक विधि विधान की वस्तुएॅ मानते हैं उनकी धारणा पूर्णतया निरर्थक है क्योंकि यज्ञ जितना धार्मिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण है उतना ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी जिसका प्रतिपादन प्रस्तुत शोध पत्र में किया जाएगा।

वैदिक वाङ्मय ज्ञान विज्ञान की परम्परा का वह उत्स है जो कभी कम नहीं हो सकता है। वैदिक ऋषियों ने स्थूलतत्त्वों के अतिरिक्त गम्भीर एवं सूक्ष्मतत्त्वों पर भी चिन्तन किया है जिससे मनुष्य मात्र का कल्याण हो सके और इसी कारण से अनेक प्रकार के यज्ञों का विवेचन किया गया है। वस्तुतः वैदिक यज्ञ कोई साम्प्रदायिक वस्तु या किया नहीं है अपितु सृष्टि विज्ञानाश्रित किया है। इसके द्वारा सृष्टि के तत्त्वों को विविध प्रकार से प्रभावित करके अपनी कामनानुकूल प्राप्ति का प्रयत्न किया जाता है –'' एतावद् रूपं यज्ञस्य यद्वेवैर्ब्रह्मणा तम्।

तदेतत्सर्वं प्राप्नोति यज्ञे सौत्रामणि सुते।''[148] मानव इतिहास एवं सष्टि के इतिहास तथा उसकी क्रियाओं से यज्ञ का घनिष्ट सम्बन्ध रहने से यज्ञ का अर्थ और भी व्यापक हो जाता है।

यज्ञ शब्द यज् धातु में नङ् प्रत्यय द्वारा निष्पन्न होता है जिसका शाब्दिक अर्थ देवपूजा, संगतिकरण एवं दान है। अथर्ववेद में महर्षि अथर्वा को यज्ञपद्धति का प्रर्वत्तक एवं आविष्कारक माना गया है –'' यज्ञेरथर्वा प्रथमः पथस्तते।''[149] तथा अंगिरस ऋषियों ने यज्ञ की उपयोगिता पर मनन चिन्तन किया और उसके फलस्वरूप अन्न आदि प्राप्त किया '' विप्रं पदमङ्गिरसो द्धाना यज्ञस्य धाम प्रथमं मनन्त।''[150]

वैदिक यज्ञों के मुख्यतः दो भेद हैं – 1 श्रौत याग 2 गृह्ययाग।

1 गृह्ययाग – गृहसूत्रों में वर्णित यज्ञ गृह्ययाग के नाम से अभिहित है। इसे पाक संस्था भी कहा गया है, इसके सात भेद हैं – औपानस होम, वैश्वदेव, पार्वण, अष्टका, मासिका श्राद्ध, श्रवणा, शूलगवः।

2 श्रौत याग – इसके मुख्यतः दो भेद हैं – हर्वियाग, सोमयाग।

हर्वियाग के भी सात भेद हैं – अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, दर्श, पौर्णमास, आग्रायण, चार्तुमास्य, पशुबन्ध।

सोमयाग के भी सात भेद हैं – अत्यग्निष्टोम, अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेय, अतिरात्र, आप्तोर्याम।

यज्ञ उस सर्वांगीण प्रक्रिया, पद्धति एवं जीवनशैली का नाम है जो मनुष्य के जीवन में आद्योपान्त अनुकरणीय हैं। यज्ञ जीवन की समस्त भौतिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियों की सफल कुंजी है। यज्ञ की महिमा का वर्णन वर्णन करते हुए कहा गया है ''यज्ञो वै सर्वश्रेष्ठतमं कर्म।''

यज्ञ शब्द का निर्वचन करते हुए यास्क लिखते हैं–'' यज्ञः कस्मात् ? प्रख्यातं यजति कर्मेति नैरुक्ताः। याञ्चो भवतीति वा यजुरुन्नो भवतीति वा बहुकृष्णाजिन इत्यौपमन्यवः यजूष्येनं नयन्तीति वा।''[151] अर्थात् यज्ञ शब्द यजन अर्थ में प्रसिद्ध है, यह याचनीय है इससे माँगा जाता है। इसी भाव को शतपथ ब्राह्मण में इस प्रकार कहा गया है '' स तायमानो जायते, स यन् जायते तस्मात् यज्ञः, यज्ञो ह वै नाम एतत् यत् इति।''[152]

अध्वर शब्द का निर्वचन है –'' अध्वर इति यज्ञनाम, ध्वरति हिंसाकर्मा तत् प्रतिषेधः।''[153] अर्थात् अध्वर यह यज्ञ की संज्ञा है। ध्वृ धातु का अर्थ है, अध्वर में इसका प्रतिषेध है। यास्क के इस अध्वर शब्द के निर्वचन से अधिगत हुआ कि यज्ञ से किसी भी प्रकार की हिंसा नहीं होती। यज्ञ हिंसा से दूर रखता है, यह हत्या आतंकवाद का उद्‌भव नहीं होने देता।

अग्निहोत्र शब्द भी पूर्वोक्त दिव्य भावों को ही प्रकट करता है, अग्निहोत्र का निर्वचन है '' अग्नये ह्यूते अस्मिन् तद् अग्निहोत्रम्।'' अर्थात् जिस कर्म में अग्नि के लिए होम किया जाता है वह अग्निहोत्र है, तात्पर्य हुआ अग्निः अग्रणीर्भवति।[154]

---

148 वैदिक सम्पदा, पृ0 372
149 अथर्ववेद 20/25/5
150 अथर्ववेद 20/91/2
151 निरुक्त 3/4/19
152 शतपथ ब्राह्मण 3/9/4/23
153 निरुक्त 1/3/7
154 निरुक्त 7/4/1

यज्ञ पद्धति एक पूर्णतः वैज्ञानिक प्रक्रिया है , जिसका विवेचन निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर किया जा सकता है –

1 प्राकृतिक , जैविक सन्तुलन विज्ञान – यज्ञ , अध्वर, अग्निहोत्र आदि नामों से कही जाने वाली यज्ञ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। यज्ञ क्रिया से वायुमण्डल में ऑक्सीजन तथा कार्बनडायआक्साइड गैसों का सन्तुलन बनता है। प्रकृति की जो चक्र व्यवस्था है, उस चक्र व्यवस्था से प्रति पदार्थ पौनः पुन्यः की आवृति से गतिमान् होता हुआ अपने मूल स्थान पर पहुँचता है। प्रकृति की इस चक्र व्यवस्था से ही अहोरात्र पक्ष वर्ष आदि की गतियॉ बनती हैं, इन अहोरात्र चक्रों को यज्ञ द्वारा सन्तुलित वायुमण्डल व्यवस्थित रखता है। इसलिए अग्निहोत्र को अहोरात्र अर्थात् सायं प्रातः के करणीय कर्म रूप से आदिष्ट किया है इतना ही नहीं बल्कि यज्ञ को अहोरात्र का सत्र बताया गया है '' जरामर्यं वा एतत्सत्रं, यदग्निहोत्रं दर्शपूर्णमासौ चेति, जरया ह एष तस्मात् सत्रात् विमुच्यते, मृत्युना ह वेति।''[155] ऋतुचक्र के विषय में कहा गया है कि वर्ष चक्र रूपी यज्ञ में वसन्त ऋतु घी है,ग्रीष्म ऋतु समिधा है और शरद ऋतु हव्य है '' यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तोऽस्यासीदाज्यं ग्रीष्मइध्मः शरद्हविः।''[156] यह प्रक्रिया अणु, परमाणु से लेकर सूर्य चन्द्र आदि तक सर्वत्र चल रही है इसका ही नाम यज्ञ प्रक्रिया है। इसके द्वारा ही सृष्टि के प्रत्येक कण में प्रतिक्षण विस्फोट रूपी यज्ञ चल रहा है तथा नित्य परिवर्तन हो रहा है। यजुर्वेद में यज्ञ को भुवन की नाभि कहा गया है '' अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।''[157]

2 वृष्टि के क्षेत्र में यज्ञ की वैज्ञानिकता – यज्ञ का महत्त्वपूर्ण लाभ यह है कि यज्ञ से वर्षा होती है। सामान्य से अतिरिक्त कुछ यज्ञ केवल वर्षा के लिए किए जाते हैं जिन्हें वृष्टि यज्ञ कहा जाता है। अथर्ववेद में कहा गया है '' तन्वतां यज्ञं बहुधा विसृष्टा '' अर्थात् जब वर्षा की आवश्यकता हो तो बहुत से यज्ञ कई प्रकार से करने चाहिए।[158] गीता में इस विषय में कहा गया है '' अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः।''[159] अर्थात् यज्ञ से मेघ, मेघ से वर्षा, वर्षा से अन्न की उत्पत्ति होती है। ऋग्वेद में कहा गया है कि यज्ञ से मेघ बनते हैं और मेघ से वर्षा होती है '' भूमिं पर्जन्या जिन्वन्त्यग्नयः।''[160] यज्ञीय धूम किस प्रकार से सर्वजगत् का कल्याण करता है इस बारे में ब्राह्मण ग्रंथ में कहा गया है '' अग्नेवै धूमो जायते धूमादभ्रमभ्रात वृष्टिरग्नेर्वा एता जायन्ते तस्मात् आहतपोजा इति।''[161]

धूम से बादल बनने का जो विज्ञान है वह ब्राह्मण में बताया गया है, ब्राह्मण के इस विज्ञान से आधुनिक विज्ञान भी पूर्णरूपेण सहमत है। विज्ञान की दृष्टि में किसी भी द्रव्य का कण यदि थोडी सी विद्युतशक्ति पॉजिटिव अथवा नैगेटिव इलेक्ट्रीकल्टी वहन करते हुए घूमे तो वह चार्जड् पार्टिकल ही आयन कहा जाता है , तो इस प्रकार किसी भी तरल या वायवीय पदार्थ के कण विद्युतशक्ति के वाहक बन जायें तो वे पदार्थ विद्युतशक्ति युक्त कहे जाते हैं।

विज्ञान की इस थ्योरी के अनुसार यज्ञ में द्रव्य जलकर जब गैस रूप में ऊपर उठता है तो तो उसके सूक्ष्म आयनस कण विद्युत शक्ति युक्त चार्जड् हो जाते हैं। यज्ञीय गैस कण के विद्युत शक्ति युक्त बनने में तीव्र ताप तथा रासायनिक संयोग कारण बनता है। गैस कण अग्नि से दूर होने पर तथा ठण्डा होने पर भी अपनी विद्युत शक्ति को नहीं छोड़ते। ऊपर जाते हुए गैस कणों में यदि धूलि कण मिल जाएँ तो भी कोई बाधा नहीं

155 न्यायदर्शन, वात्स्यायन भाष्य 4/1/59
156 ऋग्वेद 10/90/6
157 यजुर्वेद 23/62
158 अथर्ववेद 4/15/16
159 गीता 3/14
160 ऋग्वेद 1/64/51
161 शतपथ ब्राह्मण 5/3/5/17

पड़ती, विज्ञान की इस थ्योरी के अनुसार वे भी इसमें मिश्रित हो जाते हैं। पुनः ऊपर उठे हुए विद्युत शक्ति युक्त पार्टिकल्स वायु के जलीय वाष्प को जमाकर मेघ बना देते हैं।

हम अनेकशः देखते हैं कि वर्षा के काल में बादल मंडराते रहते हैं परन्तु वर्षा नहीं होती। इसका कारण होता है वायु की ऊर्ध्व गति न होना। वायु के ऊर्ध्वगामी न होने कारण बादल होने पर भी वर्षा नहीं होती। वायु के अनूर्ध्वगामित्व के अनावृष्टि व अतिवृष्टि रूप परिणाम सम्प्रति कई वर्षों से देखे जाते हैं। वर्षा के अभाव को दूर करने में तथा वायु को ऊर्ध्व गति देने में यज्ञ परम सहायक है। जैसा कि वेद में कहा गया है '' स्वाहाकृते ऊर्ध्वनभसं मारुतं गच्छतम्।''[162] अर्थात् स्वाहा पूर्वक आहुति देने से मारूतम् वायु ऊर्ध्वनभसम् ऊपर नभ मण्डल की ओर जाता है। मंत्र का तात्पर्य यह है कि यज्ञ की आहुतियों से वायु ऊष्ण एवं हल्की हो जाती है और उसका घनत्व कम हो जाता है। पुनः हल्की होने से ऊपर जाकर वर्षा में सहायक हो जाती है। यज्ञीय आहुतियों से सूक्ष्म एवं उष्ण हुई वायु द्वारा वृष्टिजल पृथिवी पर आता है। इस विज्ञान को बताते हुए अथर्ववेद में कहा गया है '' मरूद्भिः प्रच्युता मेघा वर्षन्तु पृथिवीमनु।''[163] वृष्टि यज्ञ द्वारा होती है इसका प्रतिपादन अन्यत्र भी किया गया है '' मित्रावरूणौ वृष्टयाधिपति तौ मावताम्।''[164] वेद के इन वचनों से सुस्पष्ट है कि वृष्टि में मित्र औश्र वरूण सहयोगी है। यानि उद्रजन एवं ओषजन वायु वृष्टि कराते हैं इन वायुओं का निर्माण व आकर्षण यज्ञ करता है, एतदर्थ यज्ञ को भी मित्र वरुण कहा गया है, यथा '' यज्ञो वै मैत्रावरुणः''[165] इन वेदादि प्रमाणों से यज्ञ का वृष्टि सम्बन्धी वैज्ञानिक तथ्य स्पष्ट हो गया।

आज के समय में ग्लोबल वार्मिंग इस समस्या ने मनुष्य को इसका समाधान खोजने के लिए विवश कर दिया है। हिन्दुस्तान टाइम्स 12 जुलाई 2007 के एक अंक में ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी देते हुए छपा था जिसका शिर्षक था '' Do Not Blame the Sun '' इसमें जेम्स रेंडसन ने लिखा था कि पृथिवी का तापमान 0.2 डिग्री प्रति शताब्दी बढ रहा है और समुद्र की सतह 10–20 से0 मी0। वैज्ञानिकों का मानना है कि बादल सूर्य की कॉस्मिक किरणों को रोक कर पृथिवी के ताप को कम करती है , अतः इसके लिए बादलों को बचाना होगा , हमें यज्ञ प्रक्रिया के द्वारा बादलों का निर्माण करना चाहिए , उसके घनत्व को बढाना चाहिए , ये सूर्य की खतरनाक किरणो से उसके ताप को अवशोषित कर पृथिवी पर उचित तापमान को भेजते हैं। इस कम तापमान से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा टल सकता है।

3 पर्यावरण शुद्धिकरण में यज्ञ की वैज्ञानिकता – भूमि एवं उसके जीव जिस जल,वायु, आकाश,सूर्य आदि से आवृत्त हैं वही पर्यावरण है। इनमें प्रदूषण तब होता है जब इनमें विकृति की स्थिति उत्पन्न हो जाये। वर्त्तमान पर्यावरणीय प्रदूषण ,भौतिक रासायनिक,जैविक सन्तुलन का कम या अधिक होना है। सम्प्रति पर्यावरण प्रदूषण रूपी विकट समस्या से सम्पूर्ण विश्व व्यवथित एवं चिन्तित दिखाई दे रहा है। जब तक यज्ञ व्यवस्था का प्रचलन था ,तब तक मनुष्य सुखी था लेकिन जब यज्ञ संस्था विकृति को प्राप्त हुई जो पृथिवी, जल वायु, आदि देवों की आत्मा क्षीण हो गई , उनका जीवन तत्त्व समाप्त हो जाने से पर्यावरण प्रदूषण की विकट समस्या हमारे समक्ष उत्पन्न हो गई।

यज्ञ की वैज्ञानिक प्रक्रिया का प्रभाव जिस प्रकार मेघ आदि निर्माण में होता है वैसे ही जड़ चेतन के शरीरों पर भी यज्ञ का रासायनिक प्रभाव पड़ता है। अग्नि में डाले हुए पदार्थ नष्ट नहीं होते अपितु सहस्त्रगुणा शक्तिशाली हो जाते हैं यह अग्नि का अपना ऐश्वर्य है। जल, वायु आदि दूषित हो जाते हैं, कितु अग्नि कभी दूषित नहीं होता, यही यज्ञ का वैज्ञानिक आधार है। अग्नि दूषित हुए पदार्थ को शुद्ध एवं उपयोगी बनाता है। यज्ञ करने से

162 यजुर्वेद 6/16
163 अथर्ववेद 4/15/7–9
164 अथर्ववेद 5/24/5
165 कौषीतकि ब्राह्मण 13/2

हमारे चारो ओर का वातावरण तो शुद्ध होता ही है, इसके साथ ही अनेक रोगों का निवारण भी होता है। आज के समय में केवल यज्ञ में ही वह शक्ति है जो पर्यावरण के प्रदूषण को रोक सके, यजुर्वे में कहा गया है " अग्नि यज्ञ में हवन किए गए पदार्थों को वायु में फेलाकर दुर्गन्ध का नाश कर, सुगन्ध को फेलाकर तथा रोगों का समूल नाश करके प्राणियों को सुखी करता है।[166] तथा " मनुष्य को चाहिए कि प्राण जीवन और समाज की रक्षा के लिए प्रतिदिन प्रातः काल में कस्तूरी आदि सुगंधित द्रव्ययुक्त घी को अग्नि में होम करके वायु आदि की शुद्धि द्वारा आनन्दित हों।''[167]

कुछ लोगों का मानना है कि यज्ञ में जो धुऑ निकलता है उससे कार्बनडायआक्साइड गैस वातावरण में फेलता है , किंतु यह मिथ्या वाक्य है क्योंकि यज्ञ में दी गई हवियों से ऑक्सीजन प्रवर्त्तक गैसों का निर्माण अधिक होता है, कार्बनडायऑक्साइड का निर्माण बहुत कम मात्रा में होता है और वह गैस प्रणियों के लिए हानिकारक नहीं है अपितु वृक्षों का भोजन बन जाती है, वे उसे अवशोषित कर पुष्ट होते हैं और प्राणियों की पृष्टि के लिए अधिक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। यज्ञ में प्रदान की हुई हवियॉ एवं समिधाएँ प्रज्वलित होकर सुगन्धित तत्त्वों के रूप में परिवर्तित हो जाती है। यज्ञीय सुगन्धित तत्त्वों में भेदक शक्ति सूक्ष्म व्यापक और तीव्र होकर जल वायु पृथिवी आकाश, सीावर जंगम प्राणियों में प्रविष्ट होकर उनके प्रदूषण को नष्ट कर देती है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए ओजोन परत का संरक्षण अति आवश्यक है, ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भूमि के चारो ओर विद्यमान ओजोन परत का उल्लेख है। ओजोन एक तीव्र ऑक्सीजन है जो सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों का 99% अवशोषण का लेती है और पृथिवी के पेड़ पौधों और जीव जन्तुओं को भस्म होने से बचाती है।[168] यज्ञ प्रक्रिया के द्वारा अग्नि में घृत एवं सामग्री को डालने से ओजोन गैस का निर्माण होता है और यह वायु के साथ मिश्रित होकर ऊपर जाकर ओजोन की परम में मिल जाता है। यह ओजोन सूर्य की तीव्र किरणों से पृथिवी की रक्षा करता है। अतः ओजोन की सुरक्षा तथा विकास के लिए प्रदूषण को कम करना आवश्यक है और इसके लिए हमें नित्य प्रतिदिन यज्ञ का सम्पादन करना चाहिए।

4 रोग निवारण में यज्ञ की सहायता – अग्नि के माध्यम से चिकित्सा कार्य में यज्ञ की पद्धति सर्वश्रेठ है। इससे हमारे चारो ओर का वातावरण सुगंधित होने के साथ साथ अनेक रोगों का निवारण होता है। अथर्ववेद में यज्ञ चिकित्सा से सम्बन्धित अनेक सूक्त हैं जिनमें राजयक्षमा,ज्वर उन्माद आदि रोगों के यज्ञ द्वारा निवारण किये जाने का वर्णन है तथा अनेक मंत्रों मे यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यज्ञ की अग्नि से रोग विनष्ट होते हैं यहॉ तक कि यदि कोई व्यक्ति मरणासन्न अवस्था में है तो भी यज्ञ चिकित्सा के द्वारा वह मृत्यु की गोद से लौट सकता है। यथा "मुञ्चामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राज्यक्ष्मात्।''[169] वेदों में रोगों के अनेक कारणों का उल्लेख किया गया है जिसमें प्रमुख कारण कृमि है जिसे आधुनिक चिकित्साशास्त्र भी स्वीकार करता है। ये कृमि मनुष्य के शरीर में श्वास भोजन जल आदि के द्वारा प्रविष्ट होकर रोग उत्पन्न करते हैं। अथर्ववेद में निर्दिष्ट किया गया है कि यज्ञीय अग्नि में कृमि विनाशक ओषधियों की आहुति देकर इन कृमियों को नष्ट करके रोगों से रक्षा की जा सकती है –

इदं हविर्यातुधानान् नदी फेनमिवावहत्।

---

166 यजुर्वेद 18/66
167 यजुर्वेद 36/16
168 वेदों में विज्ञान , पृ0 262
169 अथर्ववेद 3/11/1

य इदं स्त्रीपुमानकरिह स स्तुवतां जनः।।[170]

यज्ञ से विभिन्न प्रकार के ज्वरों का उपचार होता है। अथर्ववेद में ज्वर के लिए तक्मा पद का प्रयोग किया गया है। ' ताकि कृच्छ्रजीवने' धातु से निर्मित तक्मा पद का अर्थ है जीवन को कष्ट देने वाला, '' भीमास्ते तक्मन् हेतयः हेतपस्ताभिः'' ।[171] निम्नलिखित मंत्रों में ज्वरग्रस्त व्यक्ति को हवि के द्वारा ज्वरमुक्त किए जाने का विधान है [172] –

**अंङ्गे अंङ्गे शोचिषा शिश्रियाणं नमस्यन्तस्त्वा हविषा विधेम।**

**अङ्कान्तसमङ्कान् हविषा विधेम यो अग्रभीत पर्वास्याग्रभीता।।**

यज्ञाग्नि स्त्रियों के गर्भ सम्बन्धी दोषों का निवारण करती है [173] –

**ब्रह्मणाऽग्निः संविदानो रक्षोहा बाधतामितः।**

**अमीवा यस्ते गर्भ दुर्णामा योनिमाशये।।**

एक अन्य मंत्र में उन्माद रोग को दूर करने के लिए अथर्ववेद में अग्नि से प्रार्थना की गई है[174] – इमं मे अग्ने पुरुषं मुमुग्ध्ययं यो बद्धः सुयतो लालपीति।

**अतोधि ते कृणवद् भागधेयं यदानुन्मदितोऽसति।।**

तथा ' अग्निष्टे निशमयुत।'

वेद में यहाॅ तक वर्णित है कि यदि कोई व्यक्ति मरणासन्न अवस्था में है तो भी यज्ञ चिकित्सा के द्वारा वह मृत्यु की गोद से लौट सकता है, यज्ञीय अग्नि से रोगों का निवारण हो जाता ह[175] –

**यदि क्षितायुर्यदि वा परेतो यदि मृत्योरन्तिकं नीत एव।**

**त्मा हरामि निर्ऋतेरुपस्थादस्पार्शमेनं शतशारदाय।।**

यज्ञ से मनुष्य आरोग्य कैसे लाभ करता है , इस विषय में श्री वीरसेन वेदश्रमी ने कुछ तथ्यों का उल्लेख किया है [176] –

1 जो रोगी यज्ञ के पास आहुति देने बैठता है उसको यज्ञ में प्रयुक्त विविध प्रकार के उत्तम काष्ठों की अग्नि का ताप घृत से शक्ति सम्पन्न होकर तप्त करता है। इस ताप के शरीर में प्रवेश से अनेक प्रकार के अमीबा रोग कीटाणु नष्ट होते हैं।

---

170 अथर्ववेद 1/8/9
171 अथर्ववेद5 5/22/1
172 अथर्ववेद 1/12/2
173 अथर्ववेद 20/96/1
174 अथर्ववेद 6/111/1 , 2
175 अथर्ववेद 3/11/2
176 वैदिक सम्पदा , पृ0 224 –225

2 यज्ञ में प्रयुक्त घृत तथा औषधियों के रोग से शुद्ध, आरोग्यप्रद एवं पौष्टिक वातावरण का निर्माण होता है, उसमें श्वास प्रश्वास की गति विद्यमान होने से यज्ञ के तेजस्वी, शुद्ध पौष्टिक एवं रोगनाशक परमाणुओं का वायु द्वारा शरीर में प्रवेश होता है, जिससे फुफ्फुस शुद्ध एवं पुष्ट होते हैं तथा रोगरहित हो जाते हैं।

3 यज्ञ पद्धति में ध्वनि क्रिया का प्रभाव भी विशेष लाभ करता है। अग्नि एवं सूर्य रश्मि निश्चित ताप में ध्वनि तरंगों के प्रसारण से विविध वर्ण की, शब्द की अति सूक्ष्म लहरें क्रियाशील होती हैं और वे अपना एक पूर्ण मण्डल बनाकर अदृष्ट प्रभाव शरीर एवं मन पर करती है और उनका रोगों पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।

भैषज्य यज्ञ आयुर्वेद से संबंध रखते हैं। इनमें देशकाल और पदार्थों के गुणों का ज्ञान होना आवश्यक होता है। गोपथ ब्राह्मण में लिखा है कि –'' भैषज्ययज्ञा वा एते। ऋतुसन्धिषु व्याधिर्जायते तस्मादृतुसन्धिषु प्रयुज्यन्ते।'' ऋग्वेद में लिखा है कि '' यत्रौषधीः समग्मतः राजानः समितामिव। विप्रः स उच्यते भिषग्रक्षोहामीवचातनः।''[177] अथर्ववेद में भी कहा गया है '' त्वं भिषग् भेषजस्यासि कर्ता।''[178] अर्थात् ओषधियों को बनानेवाला तू वैद्य है।

निष्कर्ष : इन तथ्यों को देखने पर यह ज्ञात होता है कि यज्ञ का जितना महत्व प्राचीन काल में था उतना या कहें कि उससे भी ज्यादा महत्व आज के समय में है। ऐसी स्थिति में हमारा यह दायित्व है कि हम आधुनिकता और प्राचीनता में सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाएँ और सर्वहितकारी यज्ञ की ओर उन्मुख हों तथा यज्ञ से हानेवाले लाभ से लोगों को परिचित कराएँ। और अगर कुछ लोगों का जो कहना है कि हवन से कार्बन ,अर्थात् ऐसी वायु उत्पन्न होती है जो मनुष्य के लिए हानिकारक है। किंतु वास्तविकता ठीक इसके विपरीत है क्योंकि यज्ञों के जितने गुण है वे वायु को शुद्ध करने की बहुत बडी शक्ति रखते हैं। लोगों ने इसके प्रयोग करके भी दिखाया है। सरस्वती पत्रिका में लिखा गया है कि इससे क्षय चेचक हैजा आदि बिमारियॉ तुरन्त नष्ट हो जाती है।[179] इसी प्रकार डॉक्टर एम0 एस0 ट्रेल्ट ने मुनक्का, किशमिश आदि फलों को जलाकर देखा है। उनको ज्ञात हुआ कि इनके धुएँ से टाइफाइड के रोगकीट 30 मिनट में और दूसरे रोगों के कीट एक दो घण्टे में नष्ट हो जाते हैं।[180] फ्रांस का डॉक्टर हैफकिन का कहना है कि घी के जलाने से रोगकीट मर जाते हैं। मेड्रास के सेनेटरी कमिश्नर डॉक्टर कर्नल किंग आइ0 एम0 एस0 ने कॉलेज के विद्यार्थियों को उपदेश दिया कि घी और चावल में केसर मिलाकर जलाने से रोगजन्तुओं का नाश हो जाता है।[181]

इस प्रकार प्रस्तुत शोध पत्र द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यज्ञ आज के परिस्थिति में कितना आवश्यक है , यह सिर्फ पूजा पाठ को नहीं अपितु अनेक वैज्ञानिक तथ्यों को अपने में समाहित किए हुए है जो हमारी सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

## सहायकग्रन्थसूची

1..**ऋग्वेद संहिता** : सायण भाष्य, विश्वेश्वरानंद वैदिक शोध संस्थान, होशियारपुर, 1963...65
2.**अथर्ववेद संहिता** : सायण भाष्य सहित, (सं0) रामस्वरुप शर्मा गौड, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2003
3.**अथर्ववेद संहिता** , श्रीमति परोपकारिणी सभा , अजमेर 1976

4..**यजुर्वेद संहिता** : श्रीमति परापेकारिणी सभा ,अजमेर , 1970

177 ऋग्वेद 10/97/6
178 अथर्ववेद 5/29/1
179 सरस्वती अक्टूबर 1919
180 भारत सूदर्शना प्रवर्तक, जून 1903
181 ब्यूबोनिक , पायोनियर प्रेस ,प्रयाग

**5..शतपथ ब्राह्मण** : (हिन्दी अनु0) गंगा प्रसाद उपाध्याय, प्राचीन वैज्ञानिक अध्ययन अनुसंधान संस्थान, दिल्ली 1967

**6.निरुक्त** : (सं0) शिवदत्त शर्मा,खेमराज श्री कृष्णदास श्रेष्ठी, बम्बई,1882

**7.कौषीतकि ब्राह्मण** : (सं0) इ0 वी0 कावल, वाराणसी, 1968

**8.न्यायभाष्य** : वात्सयायन, (सं0) द्वारकादास शास्त्री, बौद्ध भारती, वाराणसी,1989

9. **श्रीमद्भगवद्गीता** : गीताप्रेस , गोरखपुर 1973

10**वैदिक सम्पत्ति** , रघुनन्दन शर्मा , बम्बई 1969

# काव्यप्रकाशस्य काव्यप्रयोजनविवेचनम्

निशा

प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते इति सिद्धान्तमनुसृत्य आकीटपतङ्गः सर्वेषां प्राणीनां प्रवृत्ति किमपि प्रयोजनमुद्दिस्यैव भवति तदा कथं लोकोत्तरवर्णनानिपुणं कविकर्मकाव्यं निष्प्रयोजनं भवेत्। अतः मया अस्मिन् शोधपत्रे काव्यप्रकाशग्रन्थम् अधिकृत्य काव्यप्रयोजनानां विशद्विवेचनं प्रस्तुतम् इति।

कार्येषु मनुष्याणां प्रवृतिः तदैव भवति यदा तान् इष्टसाधनतायाः कृतिसाध्यतायाश्च ज्ञानं भवति। 'इदं मदिष्टसाधनम्' अर्थात् कार्योऽयं मत्किते ऐहिकफलदायकः एवञ्च। 'इदं मत्कृति साध्यम्' अर्थात् कार्योऽयं अहं सम्यक्-रुपेण प्रितपादयतुं शक्नोमि। एतद् ज्ञानात् परमेव मनुष्याणां कार्ये प्रवृत्तिः भवति। ज्ञाने 'इदं' पदेन विषयः, 'इष्ट' पदेन प्रयोजनं, 'साधनम्' पदेन सम्बन्धः एवञ्च 'मत्' पदेन अधिकारी इत्यस्य ज्ञानं भवति, ज्ञानचतुष्टयं प्रवृत्तिप्रयोजकरुपे भवति। अतः 'प्रवृत्तिप्रयोजकत्वं ज्ञानविषयत्वम् अनुबन्धत्वम्' इति अनुबन्धस्य लक्षणं वर्तते। अतः अस्माकं भारतीयशास्त्रकाराः ग्रन्थस्य प्रारम्भे विषयसम्बन्ध प्रयोजनाधिकारीरुपात्मकमनुबन्धचतुष्टयं प्रतिपादयति एव। अतः प्रयोजनमपि एकमनुबधमस्ति। यस्य निरुपणं ग्रन्थे अपरिहार्यमस्ति। यतोहि एका उक्ति अपि प्रसिद्धा '**प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते**'।[182] इति विश्वजनीनं वास्तविकसिद्धान्तमनुसृत्य आकीटपतङ्गः सर्वेषां प्राणिनां सर्वदा प्रवृत्तिः किमपि प्रयोजनमुद्दिश्यैव भवति। यदा साधारण-प्राणिनामपि किमपि कार्यं प्रयोजनमन्तरा न जायते तदा लोकोत्तरवर्णनानिपुणकविकर्मकाव्यं कथं निष्प्रयोजनं स्यात्। अत एव अस्माकं भारतीयशास्त्रकाराः ग्रन्थस्य प्रारम्भे विषयसम्बन्धप्रयोजनाधिकारिरुपात्मकमनुबन्धचतुष्टयं प्रतिपादयन्ति एव। अत एव उक्तम्-

**''सर्वस्यैव हि शास्त्रस्य कर्मणा वापि कस्यचित्।**
**यावत् प्रयोजनं नोक्तं तावत् तत् केन गृह्यते।।''** इति

नाट्यात्मककाव्यस्यप्रयोजनादौ महामुनिः भरतेन स्वकीयनाट्यशास्त्रे एवं प्रतिपादितम्-

**दुःखार्तानां श्रमार्तानां शोकार्तानां तपस्विनां।**
**विश्रान्तिजननं लोके नाट्यमेतद् भविष्यति।।**
**धर्म्यं यशस्यमामुष्यं हितं बुद्धिविवर्जनाम्।**

[182] सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रहः-११

**लोकोपदे राजननं नाट्ययेतद भविष्यति।।**[183]

एवं प्रकारेण कियन्ति ऐहिलौकिकानि पारलौकिकानि च प्रयोजनानि प्रतिपादितानि। साधुकाव्यनिबन्धनेन जनः धर्मार्धकाममोक्षेषु एतासु च वैचक्षण्यम्, लोके कीर्तिम्, सद्यः प्रीतिं च प्राप्नोति। इत भामहाचार्योऽपि काव्यालंकार प्रतिपादितम्। आचार्यदण्डिनापि काव्यं चतुर्वर्गफलायतं चतुरोदात्तनायकं भवतीति प्रतिपादयता काव्यस्य चतुर्वर्गफलरुपप्रयोजनं भणितम्। सत्काव्यस्य दृष्टमदृष्टं च प्रयोजनं प्रतिपादयता वामनाचार्येण प्रोक्तम्-

**काव्यं सहृदृष्टादृष्टार्थं प्रीति कीर्तिहेतुत्वात्।**
**प्रतिष्ठां काव्यवन्धस्य यशस्रः सरणिं विदुः।।**[184]

सत्काव्यनिबन्धनेन न केवलं परमानन्दनमाप्नोति कविरपि यशस्सोपानमारुह्य स्वर्गं चापि प्राप्नोति। किन्तु असत्काव्य रचना कुकवित्वविडम्बनया निरालोकं नरकं गच्छति। अस्मिन्नेव क्रमेण पूर्वोक्तानां समेषां प्रयोजनानां संग्रहकुर्वता मम्मटाचार्येण प्रतिपादितम्

**''काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।**
**सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेश युजे।।''**[185]

मम्मटाचार्यानुसारेण काव्यस्य एतानि षट्-प्रयोजनानि प्रतिपादितानि- (1) यशप्राप्त्यर्थे (2) अर्थप्राप्त्यर्थे (3) व्यवहारज्ञानाय (4) शिवेतरक्षतये (5) सद्यः परनिर्वृत्तये (6) कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।

(क) **काव्यं यशसे-** काव्यस्य प्रथमप्रयोजनं यशः वर्तते। सर्वमनोरञ्क काव्यं विरच्य कवयः विमलं यशः प्राप्नुवन्ति-यथा कालिदासादयः। अस्मिन् उदाहरणे किमर्थं कालिदासस्य नामैव उक्तम्, वाल्मीक्यादीन् सन्त्यज्य। यतोहि कालिदासादयस्तु केवलं स्वकवित्वशक्त्या एव तादृशी कीर्तिमलभत्। वाल्मीक्यादिस्तु मुनित्वशक्तिसहकृत कवित्वशक्त्या च युताः। आनन्दवर्धनाचार्य वदति काव्यसंसारे कालिदासादयः द्वित्रा पञ्चषः वा महाकवयः सन्ति। अतः कविकुलगुरुकालिदास्य नामैव उदारणरूपेण गृहितम्।

(ख) **अर्थकृते**-काव्यस्य द्वितीयप्रयोजनरुपेण गृहितः अर्थः इति। साधुकाव्यनिबन्धेन काव्यकर्त्तारः महाकवयः अर्थमजस्रं लभन्ते । यथा-श्रीहर्षधावकादयः। पुरा धावकनाममहाकविः श्रीहर्षनाम्ना रत्नावली नाम नाटिकां विलिख्य

[183] नाट्यशास्त्रम्- १/११४-११५
[184] काव्यालङ्कारसूत्रम्- १/१/५
[185] काव्यप्रकाशः-प्र. उ.का.-०२

श्रीहर्षाद्राजातः प्रभूतं धनमवाप। एवञ्च पुराकाले नृपैः काव्यानि श्रुत्वा तुष्टाः सन्तः कविभ्यः प्रभूतं धनं प्रदीयते स्म।

(ग) **व्यवहारविदे**-काव्यस्य तृतीयप्रयोजनमस्ति व्यवहारज्ञानम्। व्यवहारं वेत्ति इति व्यवहारविद् तस्मै व्यवहारविदे। यथा-राजादिगतोचिताचारपरिज्ञानाय राज्ञि कथं व्यवहरणीयं मुनिसचिवेषु कथमाचरणीयमिति वा काव्यनुशीलनेन सम्यक् ज्ञायते। पुरातनकाले सामूहिकव्यवस्था कीदृशी आसीत्, कीदृशः संस्कारः प्रचलति स्म, इत्यादिकं सर्वं काव्येभ्यो अवगन्तुं प्रभवामः। एवं शिष्टाचारं अवबुध्य उत्तमशीलशालिनः च भवितुम् अर्हामः।

(घ) **शिवेतरक्षतये**-कावस्य चतुर्थप्रयोजनमस्ति अमङ्गलस्य विनाशः। शिवात् मङ्गलात् इतर, शिवेतरः अर्थात् अमङ्गलः, अमङ्गलस्य क्षतये नाशाय विनाशाय वा काव्यं भवति। काव्यनिर्माणेन पठनेन च अमङ्गलस्य विनाशो भवति। यथा-आदित्यादेर्मयूरादीनामिवानर्थनिवारणम्। पुरा मयूरनामकविः सूर्यशतकं विरच्य कुष्ठरोगात् मुक्तो जातः। तथा च मेल्पूत्तर नारायणभट्टो नामापरः कविः नारायणीयं नामकिञ्चन भक्तिकाव्यं विरच्य वातरोगान्मुक्तिमप्राप्तवान्।

(ञ) **सद्यः परनिर्वृत्तये**-काव्यस्य पञ्चमः प्रधानश्च प्रयोजनमयमस्ति आनन्दावाप्तिः। परा च सद्यः अर्थात् काव्यश्रणान्तरमेव न तु यागादिवत् देहान्तरोत्पादनेन, न आम्रादिवृक्षवत् बहुकालानन्तरम्, परा च सा निर्वृत्तिः पर निर्वृत्तिः अर्थात् आनन्दस्य प्राप्तिः भवति। अपितु काव्यश्रवण-पठन-समये अलौकिमानन्दस्य प्राप्तिः भवति। काव्यस्य आनन्दप्राप्तिः भवति इति प्रयोजन हेतुः, आनन्द इति पदस्य विशेषणत्रयं दत्तं वृतिभागे-

(1) सकलप्रयोजनमौलिभूतम्

(2) रसास्वादनसमूद्भूतम्

(3) विगलितवेद्यान्तरम्

(1) **सकलप्रयोजनमौलिभूतम्**-आनन्दम् इति काव्यप्रयोजनस्य प्रथमविशेषणम् अस्ति इदं पदम्। सकलं यत् प्रयोजनं तेषु प्रयोजनेषु मौलिभूतः प्रधानीभूतः यः तं आनन्दम् अर्थात् सकलेषु षड्ढ प्रयोजनेषु अयं काव्यानन्दः प्रधानीभूतः इति।

(2) **रसास्वादसमुद्भूतम्**-आनदस्य द्वितीयविशेषणम् अस्ति इदं पदं। रसयति आस्वादयति इति रसः। रसनम् आस्वादनम् अर्थात् आनन्दस्वरुपम् इत्यर्थः।

(3) **विगलितवेद्यान्तरमानन्दम्**-आनन्दम् इति पदस्य तृतीयविशेषणम् अस्ति। अन्यत् वेद्यं वेद्यान्तरम्, विगलितं वेद्यान्तरं यस्मात् तं विगलितवेद्यान्तरं, तादृशम् आनन्दं विगलितवेद्यान्तरमानन्दम्। अर्थात् आनन्दवाप्तेन अन्यत् यत् किमपि ज्ञानं भवति तदज्ञानमस्तमितं तिरोहितं च भवेत् इति।

(4) **कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे**-काव्यस्यान्तिमप्रयोजनम् अस्ति कान्तावत् उपदेशम् इति। अर्थात् काव्यं पत्नीवत् उपदेशं करोति तत्र उपदेशः कः? तदा हिताहितकार्येषु प्रवृत्तिनिवृत्तिः उपदेशः। उपदेशस्त्रिविधः (1) प्रभुसम्मितोपदेशः (2) सुहृतसिम्मतोपदेशः (3) कान्तासम्मितोपदेशः।

(1) **प्रभुसिम्मतोपदेशः**-उपदेशास्त्रिविधः तत्र प्रथगोपदेशः प्रभुसम्मितोपदेशः वर्तते। यथा प्रभुसम्मितः शब्दप्रधानवेदादि शास्त्रेभ्यः। प्रभुसम्मितानि प्रभुतुल्यानि शब्दप्रधानानि यानि वेदादिशास्त्राणि तेभ्य इत्यर्थः। शब्दप्रधाना तु वेदादि अतःतत्र यत् यत् लिखितं कथितं च तस्य शब्दशः अक्षरशः पालनम् आवश्यकं तथैव प्रभुवत् उपदेशं वर्तते यस्य अक्षरशः पालनम् आवश्यक अर्थात् प्रभुसम्मितो पदेशे शब्दस्य प्राधान्यं भवति।

(2) **सुहृतसम्मितोपदेशः**-मित्रवत् उपदेशे अर्थस्य प्राधान्यं भवति। यथा-सुहृतसम्मितार्थतात्पर्यवत् पुराणेतिहासेभ्यश्च। पुराणेतिहासादिनां च अर्थप्रधानता भवति न तु शब्दस्य। मित्रतुल्योपदेशकथनस्य अक्षरशः पालनस्य आवश्यकता न भवति अपितु कथनस्य तात्पर्य एवं गृह्यते।

(3) **कान्तासिमाततयोपदेशयुजे**-काव्यं भार्यावत् हिताहितकार्येप्रवृत्ति-निवृत्ति कारयति। कथितं च-शब्दार्थयोगुणभावेन रसाङ्गभूतव्यापारप्रवणतया विलक्षणं यत्काव्यं लोकोत्तरवर्णनिपुणं कविकर्म तत् कान्तेव सरसतापादनेनाभिमुखीकृत्य रामादिवद्वर्तितव्यं न रावणादिवत् इत्युपदेशम्। अर्थात् काव्योपदेशः भार्यावत् तत्र शब्दस्य अर्थस्य च प्राधान्यं न भवति केवलं तत्र भावनायाः प्राधान्यं भवति। यथा कान्ता स्वकान्तं कटाक्षभुजाक्षेपादिना सरसतामापाद्य सदुपदेशरुपे स्वार्थे प्रवर्तयति। रामादिवत्प्रवर्तितत्यं न रावणदिवत् इति।

एतेषु पूर्वोक्त प्रयोजनेषु कतिपय प्रयोजनानि कविनिषयकाणि कतिपयानि सहृदयसम्बद्धानि, कतिपयानि च उभयपिक्षयकाणि। यशः अर्थप्राप्तिश्च कविसम्बन्धे एव। व्यवहारज्ञानं सहृदपसम्बद्धान्येव। इत्थं काव्यप्रकाशकारेण काव्यप्रयोजनविषये चर्चा कृता।

**सन्दर्भग्रन्थसूचिः-**

1. काव्यानुशासनम्.हेमचन्द्रः.महामहोपाधायः पं शिवदत्तः, काशीनाथ, पाण्डुरङ्गपरव, मेहरचन्द्र लछमनदास पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 1986.

2. काव्यप्रकाशः, आचार्यः मम्मटः, डा.नरेन्द्र, ज्ञानमण्डलप्रकाशनम्, वाराणसी, विक्रमसंवत् 2042.

3. वक्रोक्तिजीवितम्, आचार्यःकुन्तकः, के.कृष्णमूर्तिः, कर्णाटकविश्वविद्यालयः, धारवाड, 1977.

4. वक्रोक्तिजीवितम्.कुन्तकः.श्रीराधेश्याम मिश्रः. चौखम्बा संस्कृतसंस्थान, वाराणसी, 1990.

# लेखकानां सूचिः

| क्रमसङ्ख्या | नाम | पत्राचारसङ्केतम् |
|---|---|---|
| 1 | शि.त्यागराजः | संस्कृताध्यापकः, श्रीजयेन्द्रसरस्वती आयुर्वेदमहाविद्यालयः, नज़रत्पेट्टै, चेन्नै, तमिलनाडु-600123 |
| 2 | मृगांक मलासी | शोधच्छात्रः, संस्कृत विभाग , दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007 |
| 3 | मुकेशकुमारः | संस्कृतविभागीयाध्यापकः, हिमाचलकेन्द्रीयविश्वविद्यालयः, धर्मशाला, हिमाचलप्रदेशः |
| 4 | मुरलीविनोदः | गृहसंख्या- 60, आदिशङ्करनगरम्, एनात्तुरः, काञ्चीपुरम्, तमिलनाडु-631561 |
| 5 | विनोद् कुमार | प्राध्यापक,संस्कृत-विभाग राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ढलियारा (कांगड़ा)हिमाचल प्रदेश |
| 6 | हीरालालदाशः | सहायकाचार्यः, श्रीचन्द्रशेखरसरस्वतीविश्वमहाविद्यालयः, एनात्तुरः, काञ्चीपुरम्, तमिलनाडु- 631561 |
| 7 | गीताशुक्ला | सहाचार्या, भगवानदीन-आर्य-कन्या-स्नातकोत्तरमहाविद्यालयः, लखीमपुरखीरी, उत्तरप्रदेशः |
| 8 | **Manoranjan Senapaty** | Department of Sanskrit & Indian Culture, SCSVMV University, Enathur, Kanchipuram, Tamil Nadu-631561 |
| 9 | राधावल्लभशर्मा | साहित्यविभागीयाध्यापकः, वेदव्यासपरिसरः, रा.सं.संस्थानम्, बलाहरः, हिमाचलप्रदेशः |
| 10 | चन्दाकुमारी | शोधच्छात्रा, विशिष्टसंस्कृताध्ययनकेन्द्रम्, जवाहरलालनेहरूविश्वविद्यालयः, नवदेहली |
| 11 | निशा | साहित्यविभागीयाध्यापिका, वेदव्यासपरिसरः, रा.सं.संस्थानम्, बलाहरः, हिमाचलप्रदेशः |

# Submit Your Unpublished Research Articles To



jahnavisanskritjournal@gmail.com

mail@sarasvatniketanam.org

**+91 9459456822**